दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 01 मई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 131 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3





## भाजपा कराएगी जाति जनगणना, राहुल गांधी ने किया फैसले का समर्थन



**नई दिल्ली।** देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को जाति जनगणना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। देश में इसी साल के आखिर में बिहार विधानसभा के चुनाव होने हैं। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि जाति जनगणना की शुरूआत सितंबर में की जा सकती है।

हालांकि जनगणना की प्रोसेस पूरी होने में एक साल लगेगा। ऐसे में जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरूआत में मिल सकेंगे। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था। जाति जनगणना के ऐलान के बाद राहुल गांधी ने कहा- आखिरकार सरकार ने जाति जनगणना की बात कह दी है। हम इसे सपोर्ट करते हैं, लेकिन सरकार को इसकी समय सीमा बतानी होगी। हमने तेलंगाना में कास्ट सेंसस कराया, इसे मॉडल बनाया जा सकता है। हमें कास्ट सेंसस से आगे जाना है। किस जाति की ऊंचे पदों में कितनी हिस्सेदारी है, ये पता करनी है।

2011 तक जनगणना फॉर्म में कुल 29 कॉलम होते थे। इनमें नाम, पता, व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और माइग्रेशन जैसे सवालों के साथ केवल रउ और रळ कैटेगरी से ताल्लुक रखने को रिकॉर्ड किया जाता था। अब जाति जनगणना के लिए इसमें एक्स्ट्रा कॉलम जोड़े जा सकते हैं।

# दमकल विभाग को चलाना होगा अभी और अभियान

## आरडीसी की बिल्डिंगों में नहीं हैं आग बुझाने के पुख्ता इंतजाम



### अग्निशमन विभाग जल्द चलाएगा आरडीसी में अभियान

करंट क्राइम : उधर मुख्य अग्निशमन अधिकारी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद राहुल पाल ने बताया है कि जल्द ही राजनगर डिस्टिक सेंटर के एक दर्जन से अधिक प्रमुख कमर्शियल बिल्डिंगों और बाजारों में निरीक्षण करने के साथ ही अभियान चलाकर लोगों को आग लगने के बाद कैसे बचाव किया जाए और इंतेजामों का जायजा लिया जाएगा।

### - रियलिटी टेस्ट में कई जगह मिली बड़ी लापरवाहियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को जिस तरीके से राजनगर डिस्टिक सेंटर स्थित आदित्य बिल्डिंग में आग लगने के बाद अफरा तफरी का माहौल हुआ और जान बचाने के लिए लोग खिड़की तोड़कर खड़े हो गए। उन्हें दमकल कर्मियों द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर बचाया गया था। तो आग के बाद हालात व बचाव के इंतजामों का मंगलवार को दैनिक करंट क्राइम की टीम ने राजनगर डिस्टिक सेंटर की कई निजी और पुरानी बिल्डिंगों का हाल जाना। तो वहां फायर फाइटिंग पुख्ता इंतजाम देखने को नहीं मिले। साथ ही लंबे समय से लगे आग बुझाने के यंत्र जवाब दे चुके हैं। कई की हालत बेहद खस्ता है, तो कई सालों से इस्तेमाल नहीं किए गए हैं। कुल मिलाकर सोमवार को जिस तरीके की स्थिति बनी थी अगर आने वाले दिनों में कोणार्क बिल्डिंग, असल प्लाजा, बिल्डिंग शिवम एवं सुमेधा प्लाजा में इस तरीके का कोई हादसा होता है, तो फिर स्थिति खतरनाक हो सकती है। उधर दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहरभर में बड़ी संख्या में ऐसे स्थान हैं, जहां मानकों के अनुरूप और नियमानुसार आग बुझाने के फायर फाइटिंग इंतजाम नहीं हैं।

### फायर फाइटिंग सिस्टम में लग गई है जंग, आग से बचाव वाले सिलेंडर हो गए हैं एक्सपायर

करंट क्राइम : इस दौरान कई बिल्डिंग में लगे फायर फाइटिंग के सिस्टम में जंग लग गई है। उनके हौज पाइप और पाइपलाइन खराब होने के साथ ही उनमें जंग लग गई है। वहीं आग लगने के दौरान छोटे बड़े जिन सिलेंडरों का इस्तेमाल किया गया जाता है, वह भी एक्सपायर हो गए हैं। इसके साथ ही लंबे समय से उनकी रिफलिंग भी नहीं हुई है और उनकी हालत खस्ता है। ऐसे में किसी भी आपात स्थिति और आग लगने के दौरान आधे अधूरे इंतेजामों के भरोसे आग पर कैसे काबू पाया जाएगा। लोगों की जान को कैसे सुरक्षित किया जाएगा, यह भी एक बड़ा सवाल है।






### अतिक्रमण और जाम बनता है आग बुझाने में बाधक



करंट क्राइम : राज नगर डिस्टिक सेंटर में जिस तरीके से आदित्य बिल्डिंग में आग लगने के बाद का मंजर था, उसे देखकर आसपास के लोग और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद देखने वाले लोग समझ नहीं पा रहे हैं। राजनगर डिस्टिक सेंटर की बिल्डिंग में आग और धुंआ इतनी तेजी से फैला था कि चंद मिनटों में ही आसपास की बहुमंजिला इमारतों से काला धुआं और वहां की तस्वीरें नजर आनी शुरू हो गई थीं। कुल मिलाकर राजनगर इलाका प्रमुख होने के बावजूद हमेशा जाम और अतिक्रमण की गिरफ्त में रहता है। नगर निगम और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण लगातार इसे क्लीन और ग्रीन बनाने के साथ ही ट्रैफिक पुलिस जाम फ्री करने का अभियान चलाते हैं लेकिन वह सफल नहीं हो पाता है। जिस वजह से आग लगने की स्थिति में यहां से दमकल की गाड़ियों को निकालना और दमकल कर्मियों के पहुंचने में भारी मशक्कत होती है। साथ ही परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है

---

#### गाजियाबाद के बड़े जनप्रतिनिधि ने रखी अपने मन की भावना

## कहा, चाय-पानी वाली बात है विधायक के लिए अग्रिम शुभकामना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में बंद कमरों में किस्से घटित होते हैं और फिर वो कई हिस्सों में बाहर आ जाते हैं। बात कान सुनते हैं और फिर वो इस जुबान से उस जुबान होते हुए कई कानों तक पहुंचती है। बात फिर पार्टी के दफ्तर से निकलकर जनप्रतिनिधियों के मकानों तक पहुंचती है, बाजारों तक पहुंचती है, दुकानों तक पहुंचती है। किस्से उस बात का है जब एक पदाधिकारी ने पानी पिलाने वाले का नाम विधायक के नाम से पुकारा। अब ये इत्तेफाक भी हो सकता है, क्योंकि एक नाम के तो कई लोग हो सकते हैं। जो पानी पिला रहा है वो चाय भी पिलाएगा।

सुना है कि यहां पर एक महामंत्री को यह बात नागंवार गुजरी और उन्होंने पहले विरोध प्रकट किया और फिर आक्रोश प्रकट किया। सुना है कि बात जब बाहर निकली तो एक बड़े जनप्रतिनिधि ने भी इस पर अपनी भावना प्रकट की। उन्होंने कहा कि यह तो पूरे देश ने देखा और पूरे विश्व ने देखा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री बनने का सफर जो तय किया है उसमें चाय का भी एक चैप्टर आता है। बड़े जनप्रतिनिधि ने कहा कि यह बात जिस भी पदाधिकारी ने कही है मुझे लगता है कि उनके मन में विधायक के उज्जवल राजनीतिक भविष्य के लिये शुभकामनाएं छिपी है। क्योंकि एक दिन वह विधायक भी सुनहरे राजनीतिक भविष्य की ओर बढ़ेंगे। जिन्होंने भी विधायक को लेकर चाय वाले का, पानी वाले का नामकरण किया, मैं उनको साधुवाद देता हूं और मेरा मानना है कि किसी को भी पदाधिकारी की बात का बुरा नहीं मानना चाहिए।

## मंत्री अरविंद शर्मा ने जब मंच से दिलाई 2022 के चुनाव की याद

## कहा- मैं भी चाहता था मिले मुझे गाजियाबाद की एक विधानसभा से टिकट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रदेश के शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मंत्री अरविंद कुमार शर्मा बुधवार को गाजियाबाद आए। जब वो मंच पर आए तो उन्होंने खुद को गाजियाबाद से कनेक्ट किया और 2022 के चुनावी दिनों को याद किया।

उन्होंने कहा कि उन दिनों मेरे गाजियाबाद में कई कार्यक्रम लगाए गए थे और मंत्री मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि मैं भी गाजियाबाद की विधानसभा से टिकट का दावेदार था। उन्होंने कहा कि फिर हमने गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक काम किया। अपने कार्यक्रमों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि तब आशा शर्मा गाजियाबाद की मेयर थीं। संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष थे और सुनील शर्मा भी कार्यक्रम में आए थे। हालांकि कार्यक्रम धार्मिक था, लेकिन




जब सियासी लोग मंच थामे तो बातें सियासत की होती है। जब अरविंद कुमार शर्मा ने माइक थामा तो फिर गाजियाबाद से उनकी दावेदारी का राज भी उन्हीं की जुबानी बाहर आया। उन्होंने कहा कि जब मैंने चुनाव लड़ने के बारे में सोचा तो गाजियाबाद की एक विधानसभा से मेरा मन था। मेरे कई कार्यक्रम तब गाजियाबाद की उस विधानसभा में आयोजित भी हुए। यहां पर ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने करंट वाली बात भी बताई। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद से गाजीपुर तक यात्रा निकाली और मेरा आना-जाना फिर गाजियाबाद में कम हो गया और उसकी वजह भी उन्होंने बताई कि मैंने अपने आप गाजियाबाद आना-जाना कम नहीं किया बल्कि मुझे पार्टी के कुछ नेताओं ने ही ये कहा कि आपने स्पीड बहुत तेज पकड़ ली है, स्पीड़ कम कर लो। इसके बाद उन्होंने गाजियाबाद से जुड़े संस्मरण भी सुनाए और लगाव को दोहराया और बताया कि जब मैं परी चौक से गाजियाबाद के लिये आ रहा था तो मुझे अलीगढ़ के लोग मिले, नोएडा के लोग मिले, सब अपनी कार लेकर आए थे। ये सब स्नेह जब मिलता है तो सभी को लगता है कि हमारा परिचय इस क्षेत्र में बढ़ रहा है।

---

# विद्युत उपभोक्ताओं को मिले बिजली की बेहतर सुविधा और समस्याओं का हो समाधान

## इसलिए एमएलसी दिनेश गोयल ने सात दिन के लिए छोड़ा घर और चलाया बैठक अभियान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनप्रतिनिधि से अगर किसी को सबसे ज्यादा आशा होता है तो वो आम जनता को होती है।

सरकार के जनप्रतिनिधि से जनता की उम्मीद ज्यादा रहती है और जनता को ये लगता है कि अगर, उनकी बात जनप्रतिनिधि तक पहुंचेगी तो जरूर समाधान होगा। जनता का ये विश्वास उस समय सही साबित होता है जब जनप्रतिनिधि दिनेश गोयल जैसे हों। दिनेश गोयल उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति हैं और वो जनता की उम्मीदों पर भी खरा उतरे हैं और ये उनका जनता के प्रति एक कमिटमेंट है कि एमएलसी दिनेश गोयल ने उपभोक्ताओं को बिजली की बेहतर सुविधा देने, उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिये दिन रात का एक शेड्यूल बनाया और उन्होंने सात दिन के लिये फिर घर ही छोड़ दिया।

लगातार तीन मंडलों में विद्युत अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आगरा, अलीगढ़, कानपुर, ओरैया, कन्नौज, इटावा, फिरोजाबाद जिलों में बैठक की। सबसे बड़ी बात ये है कि इन बैठकों में सभापति के रूप में एमएलसी दिनेश गोयल ने कई उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान कराया।

अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। इन बैठकों में हर जिले के डीएम, एसएसपी, विद्युत विभाग के एमडी, चीफ इंजीनियर और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। यहां इंसाफ की बात ये थी कि एक तरफ अधिकारी थे, दूसरी तरफ समिति के सभापति एमएलसी दिनेश गोयल थे और सामने वो उपभोक्ता था जिनकी समस्या थी और यहां सभापति के सामने आमना-सामना था। समस्या का समाधान था। 24 अप्रैल से लखनऊ से ये सिलसिला शुरू हुआ और इसके बाद 30 अप्रैल को लखनऊ में बैठक हुई और एमएलसी दिनेश गोयल ने यहां कई मामलों का समाधान कराया।






### सभापति दिनेश गोयल ने 21 प्रमुख बिंदुओं को लेकर मांग लिया जवाब

एमएलसी दिनेश गोयल उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति हैं। वो जब लगातार एक अभियान पर निकले तो उनके पास एक पूरी कार्ययोजना थी और वो उन बिंदुओं पर जवाब मांग रहे हैं जिनसे ये पता चल रहा है कि जनता की परेशानियों को उन्हें कितना अंदाजा है। उन्होंने सबसे पहला बिंदु हर जिले में यही उठाया कि वर्तमान समय में आपके जनपद में आबादी के हिसाब से जनपद की विद्युत आपूर्ति की स्थिति क्या है। दूसरा बिंदु यह है कि सभी जिलों के विद्युत अधिकारियों से पूछ लिया गया है कि विद्युत उपभोक्ता लोड के अनुरूप ट्रांसफार्मरों की क्या स्थिति है और इनके रख-रखाव की क्या व्यवस्था की गई है। दिनेश गोयल जानते हैं कि मीटर रीडरों की क्या स्थिति है और इसलिये उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से पूछ लिया है कि क्या मीटर रीडरों को दिये गये एरिया को समय-समय पर बदला जाता है। विद्युत विभाग के विभागीय भ्रष्टाचार को लेकर भी एमएलसी दिनेश गोयल ने दो बिंदुओं पर सवाल पूछे हैं। इसके अलावा वर्ष 2024 से अब तक ट्रांसफार्मर पर लगाए गए मीटर के आंकलन की रिपोर्ट मांगी है। अन्य बिंदुओं के अलावा यह भी पूछा है कि सरकार और अर्द्धसरकारी कार्यालयों पर पिछले एक वर्ष का कुल कितना विद्युत बिल बकाया है और इसकी वसूली के लिये क्या कार्यवाही की गई है। लाइन लॉस को लेकर सवाल उठाया है तथा यह भी पूछा है कि लाइन लॉस रोकने के लिये शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बंच एरियर लगाए जाने की प्रगति क्या है। सभा के रूप में एमएलसी दिनेश गोयल ने ये भी पूछा है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विद्युत बिल के बकाये की वसूली की प्रगति क्या है और पिछले एक वर्ष में कितने ऐसे उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत बिल जमा ना करने के लिये कार्यवाही किस स्तर पर की गई। स्थानीय स्तर पर विद्युत संबंधी प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की क्या व्यवस्था है। नलकूपों को लेकर सवाल उठाया है और यह भी पूछा है कि लाइन ठीक कराए जाने की क्या व्यवस्था है। सब स्टेशन पर कितने कर्मचारी फीडर वार कार्यरत हैं और उनके भुगतान की क्या स्थिति है।

### कहीं कानपुर में हुआ रात्रि विश्राम तो कभी अलीगढ़ में गुजारी दिनेश गोयल ने रात







बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिये, उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिये एक जनप्रतिनिधि के रूप में दिनेश गोयल ने मिसाल पेश की। प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति दिनेश गोयल ने फिर दिन रात जनता को समर्पित किये। समिति का चार्ट बता रहा है कि दिन रात मेहनत हुई। कानपुर नगर में समिति का रात्रि विश्राम हुआ, बैठक हुई फिर ओरैया में रात्रि विश्राम हुआ। आगरा में रात्रि विश्राम हुआ और यहां आगरा,, फिरोजाबाद के अधिकारियों के साथ बैठक की। मथुरा में रात्रि विश्राम किया, बैठक की, जनता की समस्याओं को सुना। अलीगढ़ में रात्रि विश्राम किया और यहां अलीगढ़, ऐटा, हाथरस के अधिकारियों के साथ बैठक की। सरकार के जनप्रतिनिधि जब जनता के लिये घर छोड़ते हैं, दिन-रात काम करते हैं तो निश्चित रूप से जनता के मन-मस्तिष्क में सरकार का एक सकारात्मक संदेश जाता है और यहां एमएलसी दिनेश गोयल ने सभापति के रूप में अपनी कार्यशैली से एक बड़ी लाइन खींची है।

## 'हम बदला लेंगे और जरूर लेंगे, बंदूक भी हमारी होगी गोली भी हमारी और वक्त भी हमारा होगा'

# पहलगाम हमले पर हुई सीसीएस और सीसीपीए की बैठक

## बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण और एस. जयशंकर हुए शामिल

**नई दिल्ली:** सीसीएस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल हुए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत सरकार लगातार सख्त कदम उठा रही है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि भारत इस कायराना हमले का पाकिस्तान को किस तरह जवाब देगा। इसी को लेकर आज सीसीएस की अहम बैठक हुई।

आज सुबह 11 बजे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक शुरू हुई। यह बैठक पहलगाम हमले को लेकर बुलाई गई है। सीसीएस की बैठक के बाद केंद्रीय कैबिनेट की भी बैठक हुई। सीसीएस की अहम बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस। जयशंकर शामिल हुए।

पहलगाम हमले के खिलाफ केंद्र सरकार ने कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर बैन भी लगा दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। इस हमले में 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर सरकार ने 48 पर्यटक स्थलों को बंद करने का निर्णय लिया है।

**23 अप्रैल को लिए गए थे अहम फैसले :** इससे पहले, पहलगाम हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को सीसीएस की बैठक में पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए गए थे। भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने का फैसला किया था। साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को भी देश छोड़ने का आदेश दिया गया था। बैठक में यह साफ कर दिया गया था कि अगर तय मियाद के अंतर्गत पाकिस्तानी नागरिकों ने देश नहीं छोड़ा, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार के इस आदेश के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के देश छोड़ने का सिलसिला लगातार जारी है।

### पाकिस्तान ने फिर किया सीजफायर का उल्लंघन

कल सुबह तक पाकिस्तानी सेना केवल नियंत्रण रेखा पर ही संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही थी, लेकिन अब उन्होंने जम्मू के परागवाल सेक्टर में कल रात अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन करके स्थिति को और बिगाड़ दिया है।

### डरने की कोई बात नहीं

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर घूमने पहुंचीं एक पर्यटक ने कहा, डरने की कोई बात नहीं है, मेहमान नवाजी बहुत बढ़िया है...हर किसी को यहां आना चाहिए...यहां के लोग बहुत अच्छे हैं...हमने खूब आनंद लिया।



### विदेश मंत्री जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले पर यूएनएससी के 7 अस्थायी सदस्यों से बातचीत की

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद विदेश मंत्री एस। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सात अस्थायी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों से सोमवार को बात की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्लोवेनिया, पनामा, अल्जीरिया और गुयाना के अपने समकक्षों के साथ मंगलवार को फोन पर अलग-अलग बातचीत के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। अन्य अस्थायी सदस्य देशों में डेनमार्क, पाकिस्तान और कोरिया गणराज्य शामिल हैं। विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस से भी फोन पर बात की और इस हमले के अपराधियों, योजनाकारों व समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही।

**पीएम मोदी ने सेना को दी खुली छूट :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई का तरीका, लक्ष्य और समय निर्धारित करने की पूरी अभियानगत छूटह्व है। मोदी ने यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुखों सहित शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता के दौरान यह टिप्पणी की। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, बैठक में मोदी ने कहा, आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने सशस्त्र बलों की क्षमता में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया।

### अमेरिका ने किया भारत, पाकिस्तान से तनाव बढ़ाने से बचने का आग्रह



भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने दोनों देशों से संघर्ष को और नहीं बढ़ाने का आग्रह किया है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस संबंध में आज या कल दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से बात करने वाले हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि वाशिंगटन कश्मीर की स्थिति के बारे में भारत और पाकिस्तान दोनों से संपर्क कर रहा है और उनसे तनाव नहीं बढ़ाने का अनुरोध कर रहा है।

### भारत अगले 24 से 36 घंटों में सैन्य कार्रवाई की योजना बना रहा है : पाकिस्तान

पाकिस्तान ने बुधवार को ह्यविश्वसनीय खुफिया जानकारीह्ळ का हवाला देते हुए दावा किया कि भारत अगले 24 से 36 घंटों के भीतर उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई की योजना बना रहा है। पाकिस्तान ने साथ ही भारत को चेतावनी दी कि उसे भी इसके परिणाम भुगतने होंगे। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा कि भारत सरकार पहलगाम में हाल में हुए आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के बारे में ह्यनिराधार और मनगढ़ंत आरोपोंह्ळ के आधार पर हमला करने की तैयारी कर रही है। मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और उसने हमेशा आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा की है।

**सीसीएस की पहली बैठक में लिए गए थे बड़े फैसले :** उउर की पहली बैठक के बाद सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए थे, जिसमें सिंधु जल संधि पर रोक, अटारी सीमा को बंद करना और वीजा रद्द करना शामिल है।

### सिंधु जल संधि पर रोक

भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि के तहत सहयोग को निलंबित करने का फैसला किया।

**अटारी सीमा बंद:** भारत-पाकिस्तान के बीच अटारी सीमा को बंद करने का निर्णय लिया गया।

**वीजा रद्द:** पाकिस्तान के लिए जारी वीजा रद्द करने की घोषणा की गई।

**पवार ने पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए विशेष संसद सत्र की कांग्रेस की मांग का समर्थन किया :** कांग्रेस के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की कांग्रेस की मांग का समर्थन किया और कहा कि इससे यह संदेश जाएगा कि देश एकजुट है।

यहां एक मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने कश्मीर घाटी में पर्यटकों के खूनी नरसंहार को देश पर हमला बताया।

पवार ने कहा, इस मुद्दे पर पूरा देश एकजुट है, सभी दल और संसद एकजुट हैं। पहलगाम पर एक विशेष सत्र दुनिया को यह संदेश देने के लिए उपयोगी होगा।

# मोदी कैबिनेट की मीटिंग में बड़ा फैसला
# जाति जनगणना कराएगी केंद्र सरकार

## किसानों को दी बड़ी सौगात, एफआरपी बढ़ाने का लिया गया फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि शिलॉन्ग से सिल्वर कॉरिडोर को भी मंजूरी दी गई है। वहीं केंद्र सरकार ने गन्ना किसानों का एफआरपी बढ़ाने का फैसला किया है।

दिल्ली में मोदी कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट मीटिंग की ब्रीफिंग करते हुए बताया कि सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला किया है। इसके साथ ही मीटिंग में किसानों के लिए भी बड़े फैसले किए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने जाति जनगणना का विरोध किया है। उन्होंने कहा, 1947 के बाद से जाति जनगणना नहीं की है। कांग्रेस ने जाति जनगणना की जगह जाति सर्वे कराया। यूपीए सरकार में कई राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से जाति सर्वे किया है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा, जाति की जनगणना मूल जनगणना में ही सम्मिलित होना चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट ने फैसला किया है कि जाति की जनगणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित करके किया जाए।

उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने सिर्फ अपनी लाभ तक के लिए सीमित रखा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगली जनगणना के साथ केंद्र सरकार जाति जनगणना कराएगी।

### किसानों को दी बड़ी सौगात

मोदी सरकार ने गन्ना किसानों को भी बड़ी सौगात दी है। गन्ने का ऋफ्ढ बढ़ाया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह बेंचमार्क मूल्य है, जिसके नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है।

### शिलॉन्ग से सिल्वर कॉरिडोर को मंजूरी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि शिलॉन्ग से सिल्वर कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है। सरकार ने मेघालय से असम तक नए हाइवे को मंजूरी दी है, जो 166।8 किलोमीटर लंबा 4 लाइन हाइवे होगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं- सिलचर से शिलांग और शिलांग से सिलचर एक बहुत बड़ी परियोजना हाई स्पीड कॉरिडोर हाईवे जो मेघालय और असम को जोड़ता है उसे मंजूरी मिली है। इसकी अनुमानित लागत 22,864 करोड़ रुपए है।

# पहलगाम में मारे गए शुभम के परिवार से मिले राहुल गांधी

### पत्नी रोने लगीं तो गले लगाया; कहा-मैंने भी पिता और दादी को खोने का दर्द झेला



**कानपुर।** राहुल गांधी के यूपी दौरे का बुधवार को दूसरा दिन है। आज उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। शुभम की पत्नी ऐशन्या राहुल को देखकर रोने लगीं। इस पर राहुल ने उन्हें गले लगा लिया और सांत्वना दी। शुभम के पिता भी राहुल को देखकर अपने आंसू नहीं रोक पाए।

ऐशन्या ने राहुल को पहलगाम में हुई घटना के बारे में सब कुछ बताया। उन्होंने बताया कि कैसे मेरे पति को आतंकियों ने गोली मार दी। ऐशन्या ने बताया कि हर जगह सुरक्षा की व्यवस्था थी, लेकिन पहलगाम में कोई सिक्योरिटी नहीं थी।

ऐशन्या ने राहुल गांधी को बताया- 22 अप्रैल को दोपहर 2.25 बजे हम लोग लंच कर रहे थे। तभी नॉर्मल कपड़ों में एक आतंकी आया। उसने पूछा- हिंदू हो या मुसलमान? हिंदू कहते ही सिर्फ 5 सेकेंड में मेरे पति को गोली मार दी।

राहुल ने पूछा- यह सब कितनी देर तक चला? इस पर ऐशन्या ने कहा- करीब 45 मिनट तक आतंकियों ने खून-खराबा किया। वे आराम से लोगों से नाम पूछ-पूछकर उन्हें मार रहे थे। उन्हें यह टारगेट दिया गया था कि पत्नी के सामने पति की हत्या करनी है।

# अक्षय तृतीया पर सिर चढ़कर बोला सोने का जादू

### 12 हजार करोड़ रुपये के आभूषणों की बिक्री



**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया पर पूरे भारत में सोने चांदी की बड़ी खरीद हो रही है। देश भर में ज्वैलर्स ने 'अक्षय तृतीया' के लिए बड़ी तैयारियां की थी। बाजारों में ग्राहकों का आना जाना लगातार बना रहा। हालांकि, भारी सोने के मुकाबले हल्के वजन के आभूषणों की मांग ज्यादा दिखाई पड़ी।

सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद 'अक्षय तृतीया' पर बुधवार को देशभर में सोने का जादू सिर चढ़ कर बोला है। लोगों ने जमकर सोने की खरीदारी की है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री तथा दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया, 'अक्षय तृतीया' पर 12 हजार करोड़ रुपये के सोने के आभूषणों की बिक्री होने का अनुमान है। इस दिन को भारतीय संस्कृति में बेहद ही शुभ माना गया है। पूरे भारत में सोने चांदी की बड़ी खरीद हो रही है। देश भर में ज्वैलर्स ने 'अक्षय तृतीया' के लिए बड़ी तैयारियां की थी। बाजारों में ग्राहकों का आना जाना लगातार बना रहा। हालांकि भारी सोने के मुकाबले हल्के वजन के आभूषणों की मांग ज्यादा दिखाई पड़ी।

**सोना-चांदी खरीदना शुभ :** ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि अक्षय तृतीया पर सोने का भाव रुपए 97,500 प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव रुपए 98, 000 प्रति किलोग्राम रहा है। यह ऐतिहासिक रूप से उच्चतम स्तर पर है। हालांकि, बुधवार को सोने के भाव में एक हजार तथा चाँदी के भाव में दो हजार रुपये की गिरावट हुई है। ऊंचे भाव होने के बावजूद बाजार में ग्राहकों की रुचि बनी रही, जो इस शुभ पर्व की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्वता को दर्शाती है। अरोड़ा ने कहा कि कीमतें काफी अधिक हैं, फिर भी ग्राहक अपनी परंपरागत आस्था और अक्षय तृतीया के महत्व को ध्यान में रखते हुए सोना-चांदी खरीदना शुभ मानते हैं।

### चांदी का लगभग चार हजार करोड़ का व्यापार

खंडेलवाल के मुताबिक, दिन भर के व्यापार के बाद एक मोटे अनुमान के अनुसार, देश भर में लगभग 12 हजार करोड़ के सोने के आभूषण आदि की बिक्री तथा और इसी तरह से चांदी का लगभग चार हजार करोड़ रुपये का व्यापार हुआ है। हालांकि, सोना-चांदी की कीमतों में काफी तेजी है, लेकिन वैवाहिक सीजन होने तथा अक्षय तृतीया के शुभ दिन पर सोना चांदी खरीदने की पुरातन परंपरा से आज अच्छा व्यापार हुआ है। उन्होंने बताया कि सोने को धन निवेश का सर्वोत्तम विकल्प माना जाता है, इसलिए सोना-चांदी के भावों में तेजी होने के बावजूद आज सोना-चांदी खरीदा गया।

### अक्षय तृतीया पर उमड़ा आस्था का सैलाब

# श्रद्धालुओं ने किए ठाकुर बांकेबिहारी के चरण दर्शन



**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन में अक्षय तृतीया पर भक्ति और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था डगमगाई नहीं। ठाकुर बांकेबिहारी जी के वर्ष में एक बार होने वाले दुर्लभ चरण दर्शन और सर्वांग दर्शन की झलक पाने के लिए लाखों श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे।

प्राचीन सप्त देवालयों सहित सभी प्रमुख मंदिरों में ठाकुर जी को गर्मी से राहत देने के लिए चंदन का लेपन किया गया। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में विशेष अवसर पर ठाकुर जी को केसरयुक्त मलयागिरि के चंदन का लड्डू अर्पित किया गया। साथ ही सत्तू, बेसन के लड्डू और शीतल पेय पदार्थों का भोग लगाया गया।

ठाकुर जी को पीत वस्त्रों से सजाया गया और रायबेल, कुंद, मोगरा तथा गुलाब की सुगंधित मालाओं के साथ स्वणार्भूषण, सोने की बांसुरी और पाजेब पहनाई गई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। शहर को तीन जोन और नौ सेक्टरों में बांटा गया, जिनकी जिम्मेदारी अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को सौंपी गई। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और पुलिस कप्तान श्लोक कुमार स्वयं व्यवस्थाओं की निगरानी करते नजर आए।

# मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक और केस

### 2 हजार करोड़ के क्लास रूम घोटाले में एंटी करप्शन ब्रांच ने दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली।** पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ 2 हजार करोड़ के बड़े घोटाले का मामला दर्ज हुआ है। एंटी करप्शन ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ अत्यधिक लागत पर कक्षाओं के निर्माण में भ्रष्टाचार के संबंध में मामला दर्ज किया है।



**क्लासरूम में बड़ा घोटाला :** 12,748 क्लासरूम और भवनों के निर्माण में कथित 2000 करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़ा यह मामला है। एंटी करप्शन ब्रांच की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली में आप सरकार के शासनकाल में 12,748 कक्षाओं और भवनों के निर्माण में 2,000 करोड़ का भारी घोटाला सामने आया है। परियोजना को आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ ठेकेदारों को कथित तौर पर दिया गया था। निर्माण में भारी विचलन और लागत में वृद्धि देखी गई। इसके अलावा निर्धारित अवधि के अंदर एक भी काम पूरा नहीं हुआ।

एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा दर्ज केस में इन नेताओं पर दिल्ली सरकार के स्कूलों की कक्षाओं के निर्माण में भारी वित्तीय अनियमितता करने का आरोप लगाया गया है।

आरोप यह भी है कि आम आदमी पार्टी से जुड़े ठेकेदारों को कक्षाओं के निर्माण का काम देकर वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दिया गया।

# न डरे हैं, न डरेंगे : आतंकी हमले का अमरनाथ यात्रा पर कोई असर नहीं, पिछले साल से 20% अधिक पंजीकरण

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले से देशभर के पर्यटकों में बेशक थोड़ा डर जरूर है, लेकिन शिवभक्तों की आस्था में कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। अमरनाथ यात्रा के लिए 16 दिनों में करीब 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने अग्रिम पंजीकरण कराया है।

रोजाना पारंपरिक बालटाल और पहलगाम रूट के लिए आठ से नौ हजार श्रद्धालु पंजीकरण करा रहे हैं। इस बार भी यात्री पहलगाम रूट को प्राथमिकता दे रहे हैं। पिछले साल की तुलना में अब तक औसतन 20% अधिक पंजीकरण हुआ है।



यात्रा से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद अग्रिम यात्री पंजीकरण पर खास असर नहीं दिखा है। पहलगाम रूट के लिए पंजीकरण लगभग पैक चल रहा है। वर्ष 2024 की तुलना में इस बार अमरनाथ यात्रा 16 दिन कम है। इस बार 38 दिन की यात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है। देशभर की निर्धारित बैंक शाखाओं के अलावा ऑनलाइन मोड में अग्रिम यात्री पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। यात्रा के दौरान दोनों रूटों से दैनिक आधार पर 10-10 हजार श्रद्धालुओं को पवित्र गुफा के लिए भेजा जाता है, जिसमें रोजाना करीब एक हजार यात्रियों का ऑनस्पॉट पंजीकरण किया जाता है।

### शिवांगी वर्मा ने 96 प्रतिशत अंक लाकर किया परिवार का नाम रोशन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को हाईस्कूल आईसीएससी बोर्ड के रिजल्ट घोषित हुए हैं। जिसमें वर्मा परिवार में प्रभा वर्मा की पुत्री शिवांगी वर्मा ने 96 प्रतिशत अंक लाकर अशोक नगर के होली चाइल्ड स्कूल और वर्मा परिवार का नाम रोशन किया है। हम शिवांगी वर्मा को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 01 मई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# पाकिस्तान को अब पापिस्तान कहा जाए : अरविंद शर्मा

## भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में अरविंद शर्मा ने कहा परशुराम भगवान ने असुरों का अंत किया, देवता सबके होते हैं

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री की जिम्मेदारी संभालने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार शर्मा ने बुधवार को पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा है कि जिस तरीके से पाकिस्तान द्वारा कश्मीर में मासूम बच्चों, हिंदू महिलाओं और पर्यटकों को धर्म के आधार पर निशाना बनाया है ,यह सबके लिए संगठित होने का विषय है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरीके से पाकिस्तान का नाम पाकिस्तान लिया जाता है, अब उसे पापिस्तान कहा जाए। इसके साथ ही उन्होंने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर अक्षय तृतीया के दिन आयोजित कार्यक्रम में कहा है कि भगवान सृष्टि रचाने वाले हैं और भगवान सबके होते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा परशुराम भगवान ने असुरों का अंत किया था, पता नहीं क्यों उन्हें क्षत्रिय विरोधी कहा जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि परशुराम भगवान एक जाति के नहीं बल्कि सभी धर्म के लोगों के मानने वाले हैं। वहीं कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भी पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा है कि मोदी जी के हाथ में जिस तरीके से फरसा है, वैसा ही फरसा भगवान परशुराम के पास था। उन्होंने कहा है कि परशुराम भगवान की मूर्ति मंदिरों और पूजन स्थल में होनी चाहिए, यह किसी के कार्यालय या शोकेस में नहीं होना चाहिए। भगवान का स्थान पूजा स्थल और मंदिर पर होना चाहिए और सनातन के बचाने के लिए यह बेहद आवश्यक है।

राष्ट्रीय जागरूकता ब्राह्मण महासंघ, अखिल भारतीय त्यागी भूमिहार महासंघ और मेरी आवाज सुनो जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों में शामिल केडी त्यागी, महेश शर्मा, आरडी शर्मा कार्यक्रम में शामिल हुए सभी गणमान्य अतिथियों का फूल-मालाओं एवं प्रतीक चिन्ह के साथ ही पटखा पहनाकर स्वागत किया।

## कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, संजीव शर्मा, अजीत पाल त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी सहित अन्य गणमान्य रहे उपस्थित









### मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा नगर विकास से लेकर बिजली में हो रहा है भरपूर काम

**करंट क्राइम :** बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और ऊर्जा- नगर विकास की कमान संभालने वाले अरविंद शर्मा ने कहा है कि लगभग साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए से पश्चिम उत्तर प्रदेश में बिजली के बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं ।तो उन्होंने जानकारी दी कि लगभग गाजियाबाद और नोएडा में अब तक 1500 करोड़ रुपए से अधिक का कार्य विद्युत के क्षेत्र में कराया जा चुका है।

### जब मंत्री अरविंद शर्मा ने लोनी से लेकर मुरादनगर और साहिबाबाद के बताएं कार्य

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि वह जब भी अधिकारियों के साथ बैठक लेते हैं, तो कहते हैं कि गाजियाबाद और नोएडा हमारी नाक है, और हमारी नाक कभी नहीं कटनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह यहां की सफाई, विकास और बिजली की सभी व्यवस्थाओं को बेहतर रखने के निर्देश देते हैं। साथ ही मंच से बोलते हुए कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने बताया कि लोनी में नया सीवरेज का काम चल रहा है। तो मुरादनगर में 45 करोड़ रुपए खर्च कर पानी की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के खोड़ा इलाके में 140 करोड़ रुपए से वाटर सप्लाई का बड़ा काम कराया जा रहा है। तो उन्होंने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम लंबे समय से सफाई एवं देश में अपने प्रोजेक्ट को लेकर अग्रणी चल रहा है।



### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा देवी-देवताओं की मूर्ति और परशुराम भगवान की प्रतिमा मंदिरों में हो ना कि चौराहे या शोकेस में

**करंट क्राइम :** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने कहा है कि भगवान परशुराम विष्णु के अवतार हैं। परशुराम की मूर्ति मंदिरों में होनी चाहिए, उन्हें नेता, अधिकारी और अन्य गिफ्ट देने वाले लोग अपने शोकेस में ना रखें। मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि भगवान की प्रतिमाओं का स्थान मंदिर और पूजन स्थल होना चाहिए, उसे जो संगठन और लोग सड़क पर लगवा रहे हैं वह ठीक नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरीके से पाकिस्तान ने हिंदुत्व पर हमला किया है, इसका सरकार करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आज सभी धर्म को एकजुट होकर सनातन बचाने के लिए एक होना पड़ेगा।



### सांसद अतुल गर्ग बोले मोदी जी के हाथ में भी फरसा आ गया है, उन्हें मजबूत कीजिए

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम में बोलते हुए गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने कहा है कि जिस तरीके से पाकिस्तान द्वारा भारत के पर्यटकों पर हमला किया गया था, उसमें सबक सिखाने के लिए आवश्यक है कि सभी सनातनियों को एक होना चाहिए और मोदी के हाथ में अब जो फरसा आया है, उसे भगवान परशुराम की तरह मजबूत बनाना है ताकि दुश्मनों से नरसंहार किया जा सके।



### जब विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा मंत्री अरविंद शर्मा मोदी टीम के हनुमान से कम नहीं

**करंट क्राइम :** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि मंत्री अरविंद शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीम के हनुमान से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद शर्मा के द्वारा लगातार विकास और विद्युत निगम के कार्यों को बेहतर ढंग से कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरीके के जमीन से जुड़े हुए अरविंद शर्मा नेता हैं, उनसे सभी को आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिलता रहता है।



### विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा हमें गर्व है कि अरविंद शर्मा हमारे समाज के व्यक्ति हैं

**करंट क्राइम :** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजित किया गया, तो इसमें राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ, अखिल भारतीय त्यागी भूमिहार महासभा और मेरी आवाज सुनो जन कल्याण समिति ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योगदान दिया। तो कार्यक्रम में मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि आज गाजियाबाद और आसपास के इलाकों में बिजली और नगर निगम के काम भरपूर मात्रा में हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने कैबिनेट मंत्री और कार्यक्रम के अतिथि अरविंद शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि आज कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्हें इस बात का गर्व हुआ है कि अरविंद शर्मा उन्हीं के समाज के व्यक्ति हैं और पूरा प्रदेश और देश आज उनके किए गए कार्यों को देख रहा है।

### आयोजन रहा सफल, नजर आई केडी त्यागी, महेश शर्मा और आरडी शर्मा की मेहनत



**करंट क्राइम :** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार को नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ, अखिल भारतीय त्यागी भूमिहार महासंघ और मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में अक्षय तृतीया के अवसर पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, अरविंद शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, रूप चौधरी, मुकुल उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, अशोक गोयल, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पुनीत त्यागी, मनोज त्यागी, आशाराम त्यागी, बाल किशन बालू, वीरेंद्र त्यागी, आशुतोष, राजू पांचाल, प्रीति चंद्रा, प्रियंका सहित सैकड़ों गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसे यादगार बना दिया।

### मालीवाड़ा चौक पर विधायक अजीत पाल के नेतृत्व में हुआ अरविंद शर्मा का जोरदार स्वागत

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और भाजपा के प्रमुख नेता अरविंद शर्मा मंगलवार को गाजियाबाद के कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उपस्थित हुए। तो इस दौरान विधायक अजीत पाल त्यागी और उनके समर्थकों ने गर्म जोशी के साथ फूलमाला पहनाकर ढोलनगाड़े बजाकर मालीवाड़ा चौक पर स्वागत कियाञ। इस दौरान भूमिहार समाज और त्यागी ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों और विधायक अजीत पाल के साथियों ने मंत्री अरविंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया।



### विधायक संजीव शर्मा ने सफल कार्यक्रम के लिए आयोजकों को दी बधाई

**करंट क्राइम :** शहर विधायक संजीव शर्मा ने कार्यक्रम में आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि परशुराम भगवान को याद करने के साथ ही त्यागी ब्राह्मण भूमिहार और अन्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर यह एक बेहतर प्रयास किया गया है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा है कि कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा की तारीफ करते हुए कहा है कि आज उत्तर प्रदेश अरविंद शर्मा के मार्गदर्शन में अपने विभागों के सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रहा है।











## परशुराम जन्मोत्सव समारोह रहेगा क्या केडी त्यागी के लिये मास्टर स्ट्रोक

### सियासत में दिया है एक बड़ा संदेश और लगाई जा सकती है एक होप

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन इस बार गाजियाबाद में कुछ अलग तरीके से हुआ। यहां पर एक आयोजन हुआ और इस आयोजन में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ और अखिल भारतीय त्यागी भूमिहार महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में ये आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम के आयोजक आरडी शर्मा और कार्यक्रम संयोजक में भाजपा नेता केडी त्यागी और महेश शर्मा मुदगल रहे। आरडी शर्मा अब राजनीति से ज्यादा खुद को सामाजिक फ्रेम में रखते हैं, लेकिन जब ये कार्यक्रम हुआ तो उनका भाजपा प्रेम दिखाई दिया और यहां केडी त्यागी ने भी अपनी सामाजिक ताकत दिखाई और एक तरफ जहां भाजपा के



जनप्रतिनिधि मौजूद थे, मंत्री मौजूद थे, वहीं दूसरी तरफ समाज मौजूद था। सवाल यही उठा कि क्या ये सफल कार्यक्रम केडी त्यागी के लिये पॉलिटिक्स का मास्टर स्ट्रोक साबित होगा। केडी त्यागी अपनी सामाजिक ताकत को भाजपा के मंत्री, जनप्रतिनिधि और संगठन के महानगर अध्यक्ष के सामने दिखाने में सफल रहे हैं। इस कार्यक्रम को केडी त्यागी के लिये मास्टर स्ट्रोक भी माना जा रहा है। क्योंकि इस कार्यक्रम में केडी त्यागी माइक, मंच, माला हर फ्रेम में थे। वो संयोजक के रूप में थे।

त्यागी समाज के बड़े पदाधिकारी के रूप में थे। राजनीति में मंच, माइक, माला वाले ही इस बात को भांपते हैं कि सामाजिक कार्यक्रम में संयोजक का कितना वजूद है। यहां समाज के लोग ही इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि केडी त्यागी ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह से एक बड़ा संदेश बेहद खामोशी के साथ दिया है। उन्होंने ये संदेश मुरादनगर की राजनीति से भी दिया है और मुरादनगर की सामाजिक धरा से भी दिया है। यहां पर आरडी शर्मा ने भी कार्यक्रम को बेहद समझदारी से भाजपाई फ्रेम में बांधा और जब कार्यक्रम की अध्यक्षता ही भाजपा के महानगर अध्यक्ष को सौंप दी तो फिर संगठन ही सर्वोपरि है और जब मंच पर सरकार के मंत्री होंगे तो जाहिर है कि सामने भाजपा के कार्यकर्ता होंगे और यहां संदेश केडी त्यागी की ओर से मुरादनगर की राजनीति को लेकर दिया गया है।

# कहां से लाएगी कांग्रेस एक्टिव कार्यकर्ताओं की फौज परिक्रमा करने वाले नेता अभी भी ले रहे हैं संगठन में मौज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति की बात करें तो कांग्रेस अब अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में उसके सारे एक्सपेरिमेंट फेल हुए हैं। उसने समाजवादी पार्टी के साथ भी हाथ मिलाकर देख लिया और उसने नेता भी बदलकर देख लिये, लेकिन ना तो उसका वोट प्रतिशत बढ़ा और ना ही उसकी सीटों का ग्राफ बढ़ा। उत्तर प्रदेश में तो वो अपने अस्तित्व के लिये संघर्ष कर रही है। कभी जो कांग्रेस के नेता



हुआ करते थे वो धीरे-धीरे कांग्रेस छोड़ गए हैं। कभी जो यूथ कांग्रेस नेता माने जाते थे वो आज भाजपा सरकार में मंत्री हैं। अगर बात गाजियाबाद की करे तो यहां कांग्रेस को जमीनी संगठन तैयार करना ही एक बड़ी चुनौती है। विधानसभा चुनाव में उसके उम्मीदवारों का उम्मीद से भी बुरा हश्र हुआ। उसके उम्मीदवार एक भी विधानसभा में अपनी जमानत तक भी नहीं बचा सके और अब जिनकी जमानत नहीं बची थी उन्हें तो कांग्रेस ने प्रदेश संगठन में पद दे दिया और जो इस संघर्ष में कांग्रेस की टीम जोड़ रहे थे उन्हें हटाकर दूसरों को कमान सौंपी। राजनीति के जानकार ये मानते हैं कि अब नई टीम के सामने भी चुनौती है और सबसे बड़ी बात ये है कि जब तक आप यहां डायलिसिस नहीं करोगे, तब तक यहां सुधार होने वाला नहीं है। वो नाम गिनाते हैं और कहते हैं कि जो अपने मोहल्ले में कांग्रेस नहीं जिता सकते, उन्हें पार्टी ने प्रदेश और राष्ट्र में पद दिये हैं।

क्या पद देने से पहले पार्टी ने उनके मोहल्ले में कांग्रेस को मिले वोटों का चार्ट नहीं मंगवाया था। पार्टी के कई पुराने नेता हैं जो अब भी उसी पुरानी लय में जी रहे हैं। वो किसी मुद्दे को लेकर संघर्ष करते नहीं दिखाई देते। चलो सड़क पर प्रदर्शन ना सही कोई ज्ञापन ही दो। पार्टी की बैठकों में ही आओ, लेकिन ऐसा भी नहीं है और इन पुराने नेताओं को लेकर ये भी एक धारणा है कि नये चेहरों को ये पुराने चेहरे कभी आगे ही नहीं आने देते। पूर्व में हुए कई विवाद इसके उदाहरण हैं।

### बूथ पर मजबूत करनी होगी कांग्रेस

कांग्रेस की कमान अब दोनों जगह बदली गई है। जिलाध्यक्ष की कमान डासना के सतीश को दी गई है और महानगर में वीर सिंह जाटव को अध्यक्ष बनाया गया है। दोनों ही पुराने कांग्रेसी हैं और कई आंदोलनों में साथ रहे हैं। उन्हें निर्देश भी दिये गये हैं कि भले ही संगठन के गठन में समय लगे, लेकिन कोई भी निष्क्रिय नहीं जोड़ा जाएगा। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस की रणनीति यहां बूथ स्तर पर खुद को मजबूत करने की है और कांग्रेस के ये दोनों अध्यक्ष धीरे-धीरे ही सही लेकिन संगठन की एक टीम को जोड़ रहे हैं। जब वार्ड स्तर पर, बूथ स्तर पर कांग्रेस के कार्यकर्ता होंगे तो फिर कांग्रेस के पास एक ऐसी फौज होगी जो चुनावी रण में अपने उम्मीदवार को ताकत दे सके।

### चुनावों में लगातार घटता कांग्रेस का ग्राफ

अगर राजनीति की कोई परीक्षा होती है तो वह परीक्षा चुनाव होते हैं। चुनाव लोकसभा के हों, विधानसभा के हों, नगर निगम के हों, चुनावों से ही पता चलता है कि किसी राजनीतिक दल ने जनता के बीच अपनी कितनी सियासी जमीन मजबूत की है। कांग्रेस का ग्राफ अगर देखें तो वो लगातार चुनावों में पिछड़ रही है। गाजियाबाद में कई कांग्रेस के ऐसे दिग्गज नेता हैं जिनके मोहल्ले में कमल का फूल खिला और कांग्रेस की जमानत जब्त हो गई। कांग्रेस का ये चुनावी रिजल्ट बताता है कि अब उसे अपने कई नेताओं को जबरन रिटायर करने की जरूरत है। यहां उसे नए युवा शिक्षित चेहरों को आगे लाना होगा। जब तक ये निष्क्रिय चेहरे घर नहीं बिठाए जाएंगे और पदों से नहीं हटाए जाएंगे, तब तक कांग्रेस का राजनीतिक रूप से कोई उद्धार नहीं होने वाला है।

## संपादकीय

# एकता का संदेश

जम्मू और कश्मीर विधानसभा ने पहलगाम हमले के खिलाफ एकजुट होकर आतंकियों को कड़ा संदेश दिया है। सदन ने आतंकवाद को कश्मीरियत पर हमला बताया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जनता के समर्थन से आतंकवाद खत्म होगा। सदन में राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता दी गई। पहलगाम के दोषियों को सजा मिलनी चाहिए और देश को एकजुट रहना चाहिए।

पहलगाम हमले के खिलाफ जम्मू और कश्मीर विधानसभा से आई आवाज आतंकियों को करारा जवाब है। जिस तरह से राजनीति को दरकिनार कर पूरा सदन एकजुट हुआ, उससे आतंकी को संदेश मिल गया कि एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा जैसे मसलों पर पूरा देश एक है।

जनता की भावना पहलगाम के जरिये आतंकवादी भारत में सांप्रदायिक तनाव पैदा करना चाहते थे। लेकिन देशभर और जम्मू-कश्मीर से आई प्रतिक्रियाओं ने ऐसा होने नहीं दिया। सुखद रूप से यह पहली बार है, जब पूरी घाटी अपने डर और आशंकाओं को पीछे छोड़कर सड़कों पर उतर आई। कश्मीरियों ने इस आतंकी हमले को कश्मीरियत पर हमला बताया और यही भावना देखने को मिली जम्मू-कश्मीर विधानसभा में। आतंकवाद का खात्मा सदन में लाए गए प्रस्ताव में कहा गया कि ऐसे आतंकवादी कृत्य कश्मीरियत की आत्मा, संविधान में निहित मूल्यों और जम्मू-कश्मीर व देश की लंबे समय से पहचान रही एकता, शांति और सौहार्द की भावना पर सीधा हमला हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बिल्कुल ठीक कहा कि लोगों के समर्थन से ही आतंकवाद का खात्मा हो सकता है और वह वक्त आ चुका है। पहलगाम की वारदात ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। घाटी की जनता को यह बात समझ आ चुकी है कि उन्हें इतने बरसों तक केवल बरगलाया गया। यही वजह है कि घाटी में आतंकियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई को सभी का साथ मिल रहा है।

राजनीति से ऊपर देश सदन के विशेष सत्र में उमर अब्दुल्ला का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि इस मौके पर वह जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग नहीं करेंगे। यह मुद्दा नैशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र का हिस्सा है, लेकिन उन्होंने राजनीति को पीछे रखते हुए पहले राष्ट्रीय हित को देखा, इसकी प्रशंसा होनी चाहिए। केंद्र से टकराने और सियासत करने के मौके कई आएंगे, अभी मौका है कंधे से कंधा मिलाकर चलने का। पहलगाम जैसी घटनाएं किसी राष्ट्र के लिए परीक्षा जैसी होती हैं और इसमें अहम हो जाता है कि सभी पक्ष सरकार के साथ एकमत रहें। करारा जवाब पहलगाम के दोषियों को उनके किए की सजा जरूर मिलनी चाहिए। साथ में यह भी जरूरी है कि देश उनके बिछाए जाल में न फंसे। पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को सबसे करारा जवाब यही होगा कि पूरा भारत इस मामले को लेकर एक बना रहे, जैसा कि हुआ भी है।

# टैरिफ वार के बीच सुधारों और रोजगार सृजन के दम पर आगे बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

**नईदिल्ली।** टैरिफ वार और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था सही रणनीतियों, लगातार घरेलू सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार सृजन के दम पर आगे बढ़ती रहेगी। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा, भारत की दीर्घकालिक वृद्धि वृहद आर्थिक स्थिरता, लचीला बाहरी क्षेत्र, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण, घटती महंगाई, बेहतर रोजगार संभावनाओं और उच्च उपभोग खर्च से प्रेरित है। आर्थिक मामलों के विभाग की मासिक आर्थिक समीक्षा के मार्च संस्करण में कहा गया, इस स्थिरता की कुंजी निजी पूंजी निर्माण के पास है। नियामकीय उपाय निजी क्षेत्र को अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।



### आर्थिक वृद्धि पर बना है जोखिम

मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि वैश्विक अनिश्चितताएं 2025-26 में आर्थिक वृद्धि के लिहाज से एक प्रमुख जोखिम हैं। निजी क्षेत्र और नीति निमार्ताओं को इसके प्रति सचेत रहकर इसे रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

### भारत के पास वैश्विक व्यापार व विनिर्माण में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाने के बाद शुरू व्यापार युद्ध और कई देशों के बीच चल रहा तनाव भारत के लिए भले ही चुनौतियां पेश कर रहा है, लेकिन यह तुलनात्मक बढ़त का लाभ उठाकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विनिर्माण में देश के लिए अपनी स्थिति को मजबूत करने का अवसर भी है। भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर लगातार ध्यान देने के साथ भारत इन जोखिमों को कम कर सकता है। देश रणनीतिक व्यापार वार्ता, घरेलू सुधारों और विनिर्माण निवेशों में उभरते अवसरों का लाभ उठा सकता है।

### महंगाई : फसलों के बेहतर उत्पादन से घटेंगी कीमतें

मुद्रास्फीति पर रिपोर्ट में कहा गया है कि रबी फसल को लेकर अनिश्चितताएं काफी हद तक दूर हो गई हैं। दूसरे अग्रिम अनुमानों में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन एवं दाल की अधिक पैदावार से खाद्य कीमतों में और नरमी आने की उम्मीद है। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट भी महंगाई के मोर्चे पर और राहत देने में मदद कर सकती है। हालांकि, व्यापार तनाव और भू-राजनीतिक जोखिम जैसी वैश्विक अनिश्चितताएं आपूर्ति को बाधित करने के साथ कीमतें बढ़ा सकती हैं।

# सीईओ के इस्तीफे के बाद इंडसइंड बैंक चलाने के लिए बनी अधिकारियों की समिति

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक के निदेशक मंडल ने सीईओ सुमंत कठपालिया के इस्तीफे के बाद बैंक के परिचालन की निगरानी के लिए 'अधिकारियों की एक समिति' नियुक्त की है। बैंक ने बुधवार यह जानकारी दी। कठपालिया ने 1,960 करोड़ रुपये के वित्तीय गड़बड़ी मामले में डेरिवेटिव पोर्टफोलियो से जुड़ी लेखांकन चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए 29 अप्रैल, 2025 से बैंक की सेवाओं से इस्तीफा दे दिया। इंडसइंड बैंक ने एक नियामक फाइलिंग में कहा, बोर्ड ने बैंक के परिचालन की देखरेख के लिए कार्यकारियों की समिति का गठन किया है। यह समिति नए एमडी और सीईओ के कार्यभार संभालने तक या तीन महीने की अवधि तक काम करेगी। बैंक ने बताया है कि निरीक्षण समिति की अध्यक्षता बोर्ड के चेयरमैन करेंगे और इसमें लेखा परीक्षा समिति, मुआवजा, नामांकन व पारिश्रमिक समिति और जोखिम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल होंगे। बोर्ड ने आरबीआई से की मंजूरी के बाद कार्यकारी समिति का गठन किया है। बैंक के अनुसार वह अपने परिचालन की स्थिरता और निरंतरता




सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहा है। इसके साथ ही प्रशासन के उच्च मानकों का भी पालन किया जा रहा है। इस सप्ताह की शुरूआत में इंडसइंड बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया था कि बैंक की ओर से नियुक्त बाह्य लेखा परीक्षक ने 31 मार्च तक लाभ और हानि खाते में पर 1,959.98 करोड़ रुपये के प्रतिकूल असर का पता लगया है।

# सेबी प्रमुख बोले: एनएसई आईपीओ से जुड़े मुद्दे सुलझाने के लिए एक्सचेंज के साथ हो रही बातचीत

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की लंबे समय से प्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) नियामक समीक्षा हो रही है। बाजार नियामक के प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने बताया है कि एक्सचेंज और सेबी के बीच कुछ मुद्दों को सुलझाने के पर चर्चा की जा रही है।




एनएसई आईपीओ मामले में सेबी की चिंताओं में प्रमुख रूप से प्रबंधन कर्मियों को दिया जाने वाला मुआवजा ओर प्रौद्योगिकी और क्लियरिंग कॉरपोरेशन में बहुलांश हिस्सेदारी आदि शामिल हैं। एक्सचेंज ने भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) से एनओसी के लिए आवेदन कर अपनी लिस्टिंग की प्रक्रिया फिर शुरू कर दी है। हालांकि एनएसई की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दाखिल कर दिया गया है, लेकिन आईपीओ की समय-सीमा अनिश्चित है। दोनों पक्ष प्रमुख मुद्दों को सुलझाने पर काम कर रहे हैं। इनमें कुछ मौलिक प्रकृति के हैं, जिनमें कॉर्पोरेट प्रशासन भी शामिल है।

आईपीओ के लिए संभावित समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर पांडे ने पीटीआई से कहा, ₹मैं इस समय केवल इतना कह सकता हूं कि कुछ मुद्दे हैं...जिन पर एनएसई और सेबी के बीच चर्चा चल रही है। आगे चलकर इसे स्पष्ट करने के इरादे से हम इन मुद्दों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

एनएसई की आईपीओ योजना पिछले आठ सालों से अटकी हुई है। एक्सचेंज ने सबसे पहले 2016 में अपने ड्राफ्ट पेपर दाखिल किए थे। एनएसई अपने मौजूदा शेयरधारकों की ओर से बिक्री के प्रस्ताव के जरिए 10,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती थी। मौजूदा शेयरधारक अपने 22 प्रतिशत शेयर जनता को बेचना चाहते थे। हालांकि, गवर्नेंस और को-लोकेशन मामले से जुड़ी नियामक चिंताओं के कारण सेबी ने एनएसई के आईपीओ को मंजूरी नहीं दी। तब से, एनएसई ने मंजूरी के लिए कई बार सेबी से संपर्क किया। मार्च में सेबी ने एनएसई के आईपीओ की जांच के लिए एक आंतरिक समिति के गठन की घोषणा की थी। उस समय, बाजार नियामक ने एनएसई से सभी मुद्दों को सुलझाने को कहा था।

# आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए फॉर्म 1 और 4 अधिसूचित किया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म 1 और 4 को अधिसूचित कर दिया है। इसे सालाना 50 लाख रुपये तक की कुल आय वाले व्यक्तियों और संस्थाओं की ओर से दाखिल किया जाना है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।




आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म 1 और 4 को अधिसूचित कर दिया है। इसे सालाना 50 लाख रुपये तक की कुल आय वाले व्यक्तियों और संस्थाओं की ओर से दाखिल किया जाना है।एक वित्त वर्ष में 1.25 लाख रुपये तक का दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ अर्जित करने वाले व्यक्ति भी अब आईटीआर-1 दाखिल कर सकेंगे। पहले ऐसे व्यक्तियों को आईटीआर-2 दाखिल करना होता था। अधिसूचना के बाद अब 2024-25 वित्त वर्ष (अप्रैल-मार्च) में व्यवसाय और पेशे से 50 लाख रुपये तक की आय वाले लोग, एचयूएफ, और फर्म आईटी रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पृथ्वी 4.56 बिलियन वर्ष पुरानी है जो कि चंद्रमा और सूर्य के समान आयु की है।
- पैदल चलते समय लगभग प्रतिशत टाइम हमारी आखँ बंद होती हैं।
- लोग आपके बारे में जब अच्छा सुनते हैं तो यकीन नहीं करते लेकिन बुरा सुनने पर तुरंत भरोसा कर लेते हैं।
- दुनिया का सबसे प्रदूषित स्थान भारत की राजधानी दिल्ली हैं।
- सीखते समय आपका दिल एक सेकेंड के लिए रुक जाता है।
- पक्षी अपने वजन के आनुपातिक दृष्टिकोण से इंसानो से 72 गुनाह्न अधिक शक्तिशाली होते हैं।
- दुनिया के 95 प्रतिशत लोग नइ पेन खरीदने के बाद सबसे पहले अपना नाम लिखते है।
- काक्रोच अपने 6 पैरों से एक सेकंड में लगभग 1 मीटर की दूरी तय कर लेता है।
- 20 लोग एक कमरे में होंगे तो 50% तक यह चांस रहता है की दो लोगों की जन्म तारीख एक होंगी।
- सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाले देश में भारत दुनिया में सबसे पहले नंबर में आता हैं।

## राशिफल

**मेष:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**वृष:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है।

**सिंह:** वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु मन परेशान हो सकता है। क्रोध से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। माता का साथ मिलेगा। कारोबार में धन की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। उपहार में वस्त्रों की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी पुराने मित्र से पुनः सम्पर्क हो सकते हैं।

**मकर:** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मीन:** मन शान्त रहेगा। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## चुटकुले

पापा- नालायक, तूने मम्मी से ऊंची आवाज में बात की।
बेटा- मुझे पता है पापा आपको जलन हो रही है।
पापा- नहीं, मुझे कैसी जलन।
बेटा- क्योंकि आप ऐसा नहीं कर सकते।

पत्नी- मेरा वजन कैसे कम होगा?
पति- अपनी गर्दन को दाएं से बाएं हिलाती रहो.
महिला- अच्छा, पर ये किस समय करूं?
पति- जब कोई खाने को पूछे !

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है.
डॉक्टर- शराब पीते हो ?
राजू- हां-हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# पंजाब ने जीता टॉस चेन्नई को दिया पहले बल्लेबाजी का न्योता, दोनों की प्लेइंग 11

**चेन्नई ।** चेन्नई सुपर किंग्सः शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, सैम करन, रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, दीपक हुड्डा, एमएस धोनी (कप्तान/विकेटकीपर), नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना।

अंशुल कंबोज, रविचंद्रन अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन। पंजाब किंग्सः प्रियांश आर्या, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), मार्को यानसेन, सूर्यांश शेडगे, अजमतुल्लाह उमरजई, हरप्रीत बराड़, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह। इम्पैक्ट प्लेयर्सः प्रभसिमरन सिंह, मुशीर खान, विजयकुमार विशाक, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर चेन्नई सुपर किंग्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बताया कि इस मुकाबले में ग्लेन मैक्सवेल नहीं खेलेंगे। उन्हें चोट लगी है। वहीं, चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने बताया कि उन्होंने प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं किया है।



कप्तान श्रेयस अय्यर के रूप में पंजाब को एक ऐसा बल्लेबाज मिला है जो अच्छी तरह से सूत्रधार की भूमिका निभाता है। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद को उनके खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने पंजाब को शानदार शुरूआत दिलाई है और इन दोनों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद पर होगी**

धोनी 43 साल का होने के बावजूद मैच का सकारात्मक अंत करने में सक्षम हैं लेकिन विजय शंकर, दीपक हुड्डा और राहुल त्रिपाठी जैसे भारतीय बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। गेंदबाजी में रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और मथीशा पथिराना के संघर्ष से भी चेन्नई को मदद नहीं मिली है। पंजाब के पास मार्को यानेसन के रूप में बहुत अच्छा ऑलराउंडर है, जबकि गेंदबाजी इकाई का नेतृत्व अर्शदीप और चहल करेंगे। इस मैच में कुछ खिलाड़ियों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। चेन्नई के युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे जब पावरप्ले में अर्शदीप सिंह का सामना करेंगे तो वह दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे।

# सिद्धू बताएंगे अपनी दिनचर्या का राज, अब इस मंच पर बिताएंगे समय

**नई दिल्ली ।** क्रिकेटर से राजनेता बने पूर्व भारतीय खिलाड़ी नवजोत सिंह ने अपनी नई पारी का खुलासा किया है। सिद्धू ने मंगलवार को बताया था कि वह बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और नई पारी की शुरूआत करेंगे। सिद्धू ने आज 'नवजोत सिद्धू ऑफिशियल' नामक एक यू-ट्यूब चैनल की शुरूआत की और बताया कि अब वह मोटिवेशनल स्पीकर बनेंगे। सिद्धू इस दौरान अपनी दिनचर्या का राज भी खोलेंगे।



**अपने यू-ट्यूब चैनल पर नहीं करेंगे राजनीति की बातें** : सिद्धू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि यह प्लेटफॉर्म उनके निजी जीवन, क्रिकेट, आध्यात्मिक सहित कई चीजों के बारे में जानकारी देगा। सिद्धू ने कहा, मेरे चैनल पर आपको सबकुछ देखने मिलेगा और इसमें राजनीति की बातें बिल्कुल भी नहीं होंगी। इस प्लेटफॉर्म में मैं अधिक समय दूंगा। यह चैनल आपको मेरे जीवन के बारे में बताएगा जिसमें क्रिकेट, आध्यात्मिकता, स्वास्थ्य, कॉमेडी सब पर बात होगी, लेकिन राजनीति की बातें नहीं होंगी।

सिद्धू ने कहा, बचपन से मैं एक अरदास पढ़ता हूं सुबह उठकर, यह बात मैं पहली बार सार्वजनिक तौर पर बता रहा हूं। यह मेरे मां-बाप ने मुझे संस्कार दिए हैं। जीवन में जितने चमत्कार हैं वो संस्कारों के ही हैं, इन्हें उठा डालो भगवान बना देते हैं, गिरा डालो हैवान बना देते हैं। वो अरदास है - हे प्रभु, मुझे सद्भावना का साधन बनाओ। इस जरिये से मैं थोड़ा बदलाव ला सकता हूं, किसी के जीवन को बेहतर कर सकता हूं क्योंकि मैंने जीवन में बहुत संघर्ष किया है। ये याद रखिये कि जीवन में शॉर्टकट कुछ नहीं होता। अचानक कुछ भी नहीं होता।

# ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व बल्लेबाज ने धोनी को संन्यास लेने की सलाह दी

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट चाहते हैं कि महेंद्र सिंह धोनी अब अपने आईपीएल करियर पर ब्रेक लगा दें। गिलक्रिस्ट ने धोनी को आईपीएल 2025 सीजन के बाद संन्यास लेने की सलाह दी है। 43 साल के धोनी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलते हैं और ऋतुराज गायकवाड़ की अनुपस्थिति में टीम की कमान संभाल रहे हैं। गायकवाड़ चोट के कारण सीजन के बीच से बाहर हो गए थे।

### सीएसके के लिए अच्छा नहीं रहा है मौजूदा सीजन

सीएसके के लिए यह सीजन अच्छा नहीं रहा है और टीम अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। सीएसके और पंजाब किंग्स के बीच बुधवार को आईपीएल 2025 का मुकाबला खेला जाएगा। गिलक्रिस्ट ने इस मैच से पहले कहा कि धोनी आईपीएल और विश्व क्रिकेट के आइकॉन है और उनके लिए कुछ भी साबित करना शेष नहीं है।



गिलक्रिस्ट ने कहा, धोनी को खेल में किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, उन्हें पता होगा कि क्या करना है, लेकिन भविष्य के लिए शायद उन्हें अगले साल आईपीएल खेलने की जरूरत नहीं है। धोनी मुझे पसंद हैं और वह एक चैंपियन और आइकॉन हैं।

### धोनी ने तोड़ी थी संन्यास की खबरों पर चुप्पी

धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए हुए लंबा समय हो चुका है और वह इस सीजन आईपीएल में अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर खेल रहे हैं। धोनी के आईपीएल से संन्यास लेने की खबरें लगातार चर्चा का विषय रहती हैं और माही ने हाल ही में इस बारे में चुप्पी तोड़ी थी। धोनी ने प्रशंसकों को भरोसा दिलाया था कि वह इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे।

# टी20 में एक टीम के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने सुनील नरेन

**नई दिल्ली ।** केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2025 का मुकाबला खेला गया जिसमें केकेआर ने 14 रनों से जीत दर्ज कर प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें जीवंत रखी।

नरेन ने दिल्ली के खिलाफ झटके तीन विकेट गत विजेता केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी की 44 रनों की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट

खोकर 190 रन बना पाई और लगातार दूसरा मुकाबला हार गई। इस मैच में नरेन ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट और टीम को मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। नरेन ने इसके साथ ही टी20 में बड़ी सफलता अपने नाम दर्ज कर ली। टी20 में एक टीम के लिए 200 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज नरेन लंबे समय से आईपीएल में केकेआर टीम का हिस्सा हैं और केकेआर की सफलता में उनका बड़ा योगदान है।



**कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन टी20 क्रिकेट में किसी एक टीम के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में नॉटिंघमशायर के समित पटेल की बराबरी कर ली है**

नरेन केकेआर के लिए अब तक 208 विकेट ले चुके हैं जो टी20 में किसी टीम के लिए एक गेंदबाज का संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट है। नरेन ने इस मामले में समित की बराबरी की जिन्होंने नॉटिंघमशायर के लिए 208 विकेट लिए हैं। नरेन एक विकेट लेते हुए समित से आगे निकल जाएंगे। नरेन और समित दो ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने पुरुष टी20 क्रिकेट में एक टीम के लिए 200 से अधिक विकेट लिए हैं। चहल को पीछे छोड़ा नरेन आईपीएल में लक्ष्य का बचाव करते हुए सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं।

# एआई रोबोट डॉग का नाम 'चंपक' रखने पर फंसा बीसीसीआई प्रकाशक की अर्जी पर दिल्ली हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आईपीएल में एआई रोबोट डॉग का नाम 'चंपक' रखने पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने बच्चों की प्रसिद्ध पत्रिका चंपक की अर्जी पर सुनवाई करते हुए बीसीसीआई से जवाब मांगा है। चंपक पत्रिका ने एआई रोबोट डॉग का नाम चंपक रखने पर आपत्ति जताई है और इसे कथित तौर पर ट्रेडमार्क नियम का उल्लंघन बताया है। चार सप्ताह के भीतर मांगा जवाब न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने कहा कि चंपक हमेशा से एक मौजूदा ब्रांड नाम रहा है और बीसीसीआई को चार सप्ताह के भीतर याचिका के जवाब में अपना लिखित जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई को तय की है। यह याचिका दिल्ली प्रेस पत्र प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर की गई है जो 1968 से चंपक पत्रिका का प्रकाशन कर रही है।



प्रकाशक की ओर से पेश अधिवक्ता अमित गुप्ता ने कहा कि रोबोट डॉग का नाम 'चंपक' रखना उसके पंजीकृत ट्रेडमार्क का उल्लंघन है और साथ ही इसका व्यावसायिक दोहन भी है, क्योंकि चंपक एक जाना-माना ब्रांड है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से पेश हुए सीनियर वकील जे साई दीपक ने इस याचिका का विरोध किया। उनका कहना था कि चंपक एक फूल का नाम है और लोग रोबोट डॉग को पत्रिका से नहीं, बल्कि टीवी सीरीज के एक पात्र से जोड़ रहे हैं। सुनवाई के दौरान जज ने मौखिक रूप से कहा कि क्रिकेटर विराट कोहली का निकनेम 'चीकू' है, जो चंपक मैगजीन के किरदारों में से एक है।

# वनडे में सर्वाधिक दोहरे शतक से लेकर दो आईसीसी खिताब दिलाने तक, ऐसा है रोहित शर्मा का करियर

**नई दिल्ली ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बुधवार को अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। भारत को अपनी कप्तानी में दो आईसीसी खिताब दिला चुके रोहित सीमित ओवर प्रारूप के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित ने जून 2007 में पहला वनडे खेला था। उसी साल उन्हें सितंबर में टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करने का मौका मिला था। हालांकि, रोहित को टेस्ट मैच खेलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। उन्होंने 2013 में पहला टेस्ट मैच खेला था।

### वनडे-टेस्ट में संभाल रहे कमान

भारतीय टीम ने पिछले साल रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। यह टीम इंडिया का 2013 के बाद पहला आईसीसी खिताब था। इसके बाद भारतीय टीम ने इस साल मार्च में रोहित की कप्तानी में ही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था। इस तरह रोहित एक से अधिक आईसीसी टूर्नामेंट दिलाने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बन गए थे। रोहित ने टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था, लेकिन अभी भी वह वनडे और टेस्ट प्रारूप में भारत की कमान संभाल रहे हैं। वनडे में तीन दोहरे शतक लगाने वाले इकलौते खिलाड़ी रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में तीन दोहरे शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में 209 रन बनाए थे। उसके बाद 2014 में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में श्रीलंका के खिलाफ 264 रन की पारी खेली थी। वहीं, 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मोहाली में नाबाद 208 रन बनाए थे।



# दिल्ली-केकेआर मैच के बाद कुलदीप यादव ने रिंकू को जड़ा थप्पड़



**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मंगलवार को खेले गए आईपीएल मैच के बाद कुलदीप यादव ने केकेआर के खिलाड़ी रिंकू सिंह को थप्पड़ जड़ दिया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिय पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, वीडियो देखकर लग रहा कि कुलदीप ने मजाकिया अंदाज में रिंकू के चेहरे पर दो बार थप्पड़ मारे, जिससे केकेआर का यह बल्लेबाज असमंजस में पड़ गया।

### कुलदीप-रिंकू के बीच है अच्छी दोस्ती

भारतीय टीम के लिए साथ खेलने वाले कुलदीप और रिंकू के बीच अच्छी दोस्ती है और यह दोनों खिलाड़ी अरुण जेटली स्टेडियम में मैच के दौरान खुश नजर आ रहे थे। रिंकू ने दिल्ली के खिलाफ 25 गेंदों पर 36 रन बनाए, लेकिन लेग स्पिनर विपराज निगम ने उन्हें आउट किया।

# कुलदीप-रिंकू थप्पड़ विवाद को केकेआर ने किया खारिज

**नई दिल्ली ।** कुलदीप यादव और रिंकू सिंह के बीच थप्पड़ विवाद पर अब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चुप्पी तोड़ी है और ऐसी किसी घटना को खारिज किया है। दरअसल, दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर के बीच मंगलवार को खेले गए मैच के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें दिख रहा था कि कुलदीप ने रिंकू को दो बार थप्पड़ जड़े। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस हैरत में पड़ गए थे कि आखिर किस कारण कुलदीप ने रिंकू को थप्पड़ लगाए।

वीडियो देखकर लग रहा था कि कुलदीप ने मजाकिया अंदाज में रिंकू के चेहरे पर दो बार थप्पड़ मारे, जिससे केकेआर का यह बल्लेबाज असमंजस में पड़ गया। भारतीय टीम के लिए साथ खेलने वाले कुलदीप और रिंकू के बीच अच्छी दोस्ती है और यह दोनों खिलाड़ी अरुण जेटली स्टेडियम में मैच के दौरान खुश नजर आ रहे थे। वीडियो में भी दिखा था कि रिंकू हंस-हंस कर बातें कर रहे हैं, लेकिन तभी किसी बात पर कुलदीप रिंकू को थप्पड़ मार देते हैं। इसके बाद रिंकू हैरानी भरी नजर से कुलदीप को देखते हैं और फिर से कुलदीप रिंकू को थप्पड़ मारते हैं।



**कुलदीप-रिंकू का दिखा याराना:** विवाद उठने के बाद केकेआर ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कुलदीप और रिंकू का याराना दिख रहा है। इस वीडियो में दोनों 'लव' का साइन बनाते दिख रहे हैं और एक दूसरे के कंधे पर हाथ डालकर खड़े हैं। वीडियो में आगे दोनों के बीच कितनी गहरी दोस्ती है उसे दशार्या गया है।

मैच की बात करें तो केकेआर ने दिल्ली को 14 रनों से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी है। गत विजेता केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी की 44 रनों की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बना पाई और लगातार दूसरा मुकाबला हार गई। दिल्ली ने इस सत्र में अब तक कुल चार मुकाबले अपने घर में खेले हैं। इनमें उन्होंने तीन मैच गंवाए जबकि एक में उन्हें सुपरओवर में जीत मिली है। वहीं, घर से बाहर अक्षर पटेल की टीम ने छह में से पांच मुकाबले जीते, जबकि एक में उन्हें शिकस्त मिली है।

# 100वें टेस्ट के बाद, अश्विन ने लिया था अचानक संन्यास का फैसला, उठा राज से पर्दा

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। अब उन्होंने खुलासा किया है कि वह अपने 100वें टेस्ट मैच के बाद ही संन्यास का एलान करने वाले थे। हालांकि, उन्होंने ऐसा नहीं किया और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ एक मैच खेलकर संन्यास की घोषणा की थी।



### 100वें टेस्ट के बाद ही संन्यास लेना चाहते थे अश्विन

चेन्नई सुपर किंग्स के नए पॉडकास्ट में स्टार स्पिनर अश्विन ने माइक हसी से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास पर बात की। अश्विन ने कहा- ईमानदारी से कहूं तो मैं अपने सौवें टेस्ट (मार्च 2024 में धर्मशाला में) के बाद संन्यास लेना चाहता था। फिर मैंने सोचा कि घरेलू सत्र में एक मौका और लेते हैं क्योंकि मैं अच्छा खेल रहा था, विकेट ले रहा था, रन बना रहा था। मैंने सोचा कि चेन्नई टेस्ट (बांग्लादेश के खिलाफ) के बाद संन्यास लूंगा लेकिन फिर मैने छह विकेट लिए और शतक बनाया। अच्छा प्रदर्शन करते हुए छोड़ना बहुत मुश्किल होता है। मैं फिर खेलता गया और फिर हम न्यूजीलैंड से हार गए। फिर मैने सोचा कि चलो आस्ट्रेलिया दौरे पर देखते हैं कि प्रदर्शन कैसा रहता है। पिछली बार आस्ट्रेलिया दौरे पर मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा था।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था एक मैच

38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिर्फ एक मैच खेला था। अश्विन को पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग-11 में मौका नहीं दिया गया था, जबकि वह एडिलेड में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट के लिए टीम में शामिल थे जो उनके करियर का अंतिम मैच रहा। तीसरे टेस्ट में अश्विन की जगह रवींद्र जडेजा को मौका दिया गया था।

कब लगा संन्यास का यह समय सही इस दौरान अश्विन ने बताया कि तीसरे टेस्ट में जगह नहीं मिलने के बाद उन्हें लगा कि यह संन्यास लेने का सही समय है। उन्होंने आगे कहा- मैं खेल का मजा ले रहा था लेकिन इसके लिए शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मेहनत कर रहा था। सबसे अहम बात थी कि मैं परिवार के साथ समय बिताना चाहता था। फिर जब पर्थ टेस्ट में जगह नहीं मिली तो मैंने सोचा कि यह पूरा सर्कल फिर नहीं दोहराना है। लोगों की नजर में आपके जज्बात की बहुत कम कीमत होती है। वे नहीं समझते कि आप किन भावनाओं से गुजर रहे हैं। मैं संन्यास के बारे में सोच ही रहा था ।

# विधि विधान से हुई सुरभि और प्रभात की रिंग सेरेमनी





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता की सुपुत्री सुरभि की रिंग सेरेमनी जगपाल सिंह के सुपुत्र प्रभात से विधि विधान से संपन्न हुई। इस मौके पर सामाजिक, राजनीतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग खुशी के इस पल का हिस्सा बने। सभी ने सुरभि और प्रभात को शुभाशीष दी। दैनिक करंट क्राइम परिवार भी खुशी के इस अवसर पर शामिल हुआ।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में पहली राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

## सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राजेश टंडन ने किया उद्घाटन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाज़ियाबाद ने विधि शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करते हुए अपनी प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विधि छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उनके तर्क, विश्लेषण तथा न्यायालयीन शिष्टाचार को विकसित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राजेश टंडन, पूर्व न्यायाधीश, उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य संरक्षक, चेयरमैन एवं कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, कुलपति प्रो. डॉ. प्रसनजीत कुमार, कुलसचिव डॉ. राजीव रतन, विधि एवं विधिक अध्ययन विद्यालय के निदेशक डॉ. हेमंत कुमार शर्मा और विधि संकाय निदेशक प्रो. डॉ. उर्मिला प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर अपने इस संकल्प को दोहराया।

## अखिलेश की बाबा-साहब से तुलना पर भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी द्वारा अखिलेश यादव की डॉ. भीमराव अंबेडकर से तुलना करने पर भाजपा ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भाजपा कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में नगर में बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के निमार्ता हैं। वे दलितों के अधिकारों के सजग प्रहरी रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने एक तस्वीर जारी की है। इसमें अखिलेश यादव को बाबा साहब के समकक्ष दिखाया गया है। नरेश तोमर ने इसे अंबेडकर जी का अपमान और देश की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया। भाजपा ने सपा से सार्वजनिक माफी की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी है। कार्यकताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने की शपथ ली। मौजूद लोगों ने सपा के इस कदम को राजनीतिक फायदे के लिए किया गया दुर्भाग्यपूर्ण प्रयास बताया।




## कोतवालों ने मंगवा ली हैं खट्टी- मीठी टॉफी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस आयुक्त के नए आदेश का असर होने लगा है। पुलिस कमिश्नरेट में सिटी से लेकर देहात और नदिया पार तक के थाना प्रभारियों के लिए इन दिनों एक नई टेंशन शुरू हो गई है। कोई ऑरेंज फ्लेवर की टॉफी मंगवा रहा है, तो किसी को चॉकलेट पसंद आ रही है। किसी ने किसमी बार मंगवाई है। तो कोई खट्टी-मीठी नमकीन स्वाद फ्लेवर वाली कैंडी मंगवा चुका है। कुल मिलाकर सबका मकसद यह है कि थानों में आने वाले आगंतुकों और बच्चों को अब कुर्सी पर बैठते ही ट्रॉफी दी जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट में इस आदेश का अमल भी होना शुरू हो गया है। सिटी जोन के अंतर्गत एक थाने में जहां चॉकलेट फ्लेवर वाली ट्रॉफी आई है। तो एक थाने में खट्टी मीठी ऑरेंज कैंडी मंगवाई गई है। बच्चे चॉकलेट खाकर खुश हो जाए ,तो एक थाने में किसमी बार का डब्बा मंगाया गया है। कहा जा रहा है पुलिस आयुक्त के लिखित आदेश आने के बाद पुलिस कमिश्नरेट में अब थानों की टेबल पर ट्रॉफी के डिब्बे नजर आने लगे हैं। उधर सुनने में आया है एक थाने में तो थानेदार ट्रॉफी के डिब्बों की हिफाजत अपने मोबाइल से ज्यादा कर रहे हैं। उधर खट्टी-मीठी ट्रॉफी के साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि अगले एक सप्ताह के भीतर कई एसीपी स्तर के अधिकारियों और टू व थ्री- स्टार थानों की रेस में अपना नंबर पक्का कर सकते हैं। सुनने में आया है कि एक एसीपी को सर्किल से पुलिस मुख्यालय पर भेजा जा सकता है। तो वहीं साइड लाइन पोस्टिंग में चल रहे एक एसीपी पर भरोसा जताए जाने की प्रबल संभावना बनी हुई है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से एक एसीपी स्तर के अधिकारी का बुधवार को अंतिम दिन रहा, हालांकि अभी उन्हें आधिकारिक फेयरवेल नहीं दी गई है। देखा जाना शेष है कि निमंत्रण आएगा या मामला यहीं से टाटा बाय-बाय हो जाएगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों पर भरोसा करें तो सिटी जोन के भी एक थाने में जल्द नया फेस नजर आने वाला है। बताया जा रहा है वहां जिन आईपीएस वाले साहब की ट्रेनिंग चल रही थी वह लगभग पूर्ण होने को है और मई के माह में उन्हें प्रथम सप्ताह तक यहां से भेजा जा सकता है। इसके बाद सिटी जोन में एक थाना प्रभारी की जगह खाली हो जाएगी, देखना होगा उसे कौन रिप्लेस करेगा। इसके साथ ही नदिया पार और देहात जोन में कई प्रभारियों के लिए खतरे वाली घंटी बजने की भी आशंका जताई जा रही है। देखना होगा उसमें देहात का कौन सा वाला थाना और थानेदार रडार पर आता है।



## महिला पर धारदार हथियार से हमला

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के अशोक नगर की रहने वाली नेहा बुधवार सुबह जवाहर बाजार में घायल अवस्था में मिली। वह मंगलवार सुबह नौकरी के लिए निकली थी। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नेहा की शादी चार साल पहले थाना सिंभावली निवासी सोनू से हुई थी। पति-पत्नी के बीच अनबन के कारण वह मायके में रह रही थी। वह रिलायंस रोड स्थित एक कंपनी में काम करती थी। स्थानीय लोगों ने घायल नेहा की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। नेहा को पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया।

## जन्मदिन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजसेवी एवं व्यवसायी आदेश शर्मा पारिवारिक संस्कारों को हमेशा महत्व देते हैं। अपने से बड़ों का मान-सम्मान उनके लिए हमेशा अहम रहता है। अपने बड़े धर्मेंद्र शर्मा से उनके काफी मधुर संबंध हैं। सामाजिक गतिविधियों में दोनों भाई हमेशा आगे नजर आते हैं। बुधवार को जब व्यवसायी धर्मेंद्र शर्मा का जन्मदिन आया तब इस पल को आदेश शर्मा ने यादगार बनाया। पूरे दिन कई बार केक कटे और बर्थडे सेलिब्रेट हुआ। खुशी के इस पल में दैनिक क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी भी शरीक हुए।

# नंदियों की सेवा करके हो रहा है आत्मिक शांति का अनुभव : प्रशांत चौधरी

## पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी बने रेड क्रॉस गाजियाबाद के आजीवन सदस्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद द्वारा पिछले तीन वर्ष से साप्ताहिक गौ वंश नंदी हरा चारा सेवा लगातार लगातार चल रही है जिसको रेड क्रॉस के तीन सदस्य मिलकर चला रहे हैं। इस सेवा से प्रभावित होकर गाजियाबाद के पूर्व विधायक व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रशांत चौधरी बुधवार के दिन दूसरे सप्ताह भी अपनी पत्नी हेमलता चौधरी (पूर्व विधायक) बेटी, नाती व पौत्र व मित्रगण सहित अक्षय तृतीया के पुण्य अवसर पर गाजियाबाद हिंडन नदी के किनारे नंदी पार्क में नंदी हरा चारा सेवा में सम्मिलित होकर गाजियाबाद के सभी निवासियों से नंदी सेवा करने की अपील करते हुए कहा कि नंदियों को हरा चारा खिलाकर शरीर में ऊर्जा का संचार हो रहा है और आत्मिक शांति का अनुभव हो रहा है। साथ ही रेड क्रॉस के इस सेवा प्रकल्प की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सभापति सुभाष गुप्ता ने बताया कि विधायक रेड क्रॉस की सेवा भावना को देखकर इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने पत्नी सहित रेड क्रॉस की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। रेड क्रॉस में जब राजनीतिक लोग सेवा भाव से जुड़ेंगे तब ही रेड क्रॉस के सेवा कार्यों का चतुर्मुखी विकास होगा। आज के इस सेवा पृष्ठ को स्वर्णिम अक्षरों में लिखने के लिए धवल गुप्ता, शुभम चतुर्वेदी, वल्ली, राजेश गर्ग, राकेश चतुर्वेदी, एम.सी. गौड़, राजेश गुप्ता के साथ श्रीराम पिस्टन के अधिकारियों व वॉलिंटियर्स का भी सहयोग मिला।

# पिलखुवा में चंडी मंदिर पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिलखुवा नगर के चंडी मंदिर पर बुधवार को माता महालक्ष्मी महाराजा अग्रसेन धाम के निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत माता महालक्ष्मी जी एवं श्री गणेशजी की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं भगवान खाटूश्याम प्राणप्रतिष्ठा समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल, नगर मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, नगर महामंत्री सचिन पुंडीर, वरिष्ठ भाजपा नेता विश्व प्रकाश शर्मा, मनीष किसान, अखिलेश मित्तल, नरेन्द्र शर्मा, प्रवेश तोमर, दीपक राबिया, कैलाशी अश्वनी एवं माता महालक्ष्मी महाराजा अग्रसेन धाम प्रबंधन समिति व भगवान परशुराम मन्दिर प्रबंधन व सम्मानित नगरवासी उपस्थित रहे।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# रूस नहीं जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी, 9 मई को विजय दिवस परेड में नहीं होंगे शामिल



**मॉस्को।** 9 मई को रूस की राजधानी मॉस्को में होने वाले विक्ट्री डे समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता भेजा गया था। रूस ने चीनी राष्ट्रपति को भी न्योता दिया था। हालांकि, अब पीएम मोदी के रूस न जाने की बात सामने आई है। कहा जा रहा है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उनकी जगह रूस जा सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच खबर आ रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना रूस दौरा स्थगित कर दिया है। प्रधानमंत्री 9 मई को मॉस्को में होने वाली विजय दिवस परेड में शामिल नहीं होंगे। पीएम मोदी को विजय दिवस परेड के लिए रूस ने आमंत्रित किया था।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रतिनिधित्व कर सकते हैं

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने मॉस्को में आयोजित होने वाले विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल नहीं होंगे। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 9 मई के कार्यक्रम में पीएम मोदी की जगह भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

### शी जिनपिंग समारोह में शामिल होंगे

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोदी के अलावा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को विजय दिवस समारोह में शामिल होने और रेड स्क्वायर पर विजय परेड देखने के लिए आमंत्रित किया था। शी ने पुष्टि की है कि वह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मॉस्को में करीब 20 विदेशी नेताओं की मेजबानी की तैयारी चल रही है।

### नाजी जर्मनी पर विजय का जश्न

रूस नौ मई को द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर विजय का जश्न मनाता है और इस वर्ष उसने 80वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेने के लिए चुनिंदा मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है।

### 2000 में राष्ट्रपति पुतिन पहली बार नई दिल्ली आए थे

अक्तूबर 2000 में राष्ट्रपति पुतिन पहली बार नई दिल्ली आए थे और उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ रणनीतिक साझेदारी घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। पिछले 25 वर्षों में यह साझेदारी नई दिल्ली और मॉस्को के बीच एक विशेष साझेदारी के रूप में विकसित हुई है।

# ट्रंप ने कनाडा के नए पीएम मार्क कार्नी को दी बधाई

## जल्द होगी आमने-सामने मुलाकात

**टोरंटो।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के नए पीएम मार्क कार्नी से फोन पर बातचीत की। इस दौरान ट्रंप ने सबसे पहले कार्नी को उनकी लिबरल पार्टी की चुनावी जीत पर बधाई दी। साथ ही दोनों नेताओं ने अमेरिका और कनाडा के बीच आपसी सहयोग और स्वतंत्रता के आधार पर संबंध मजबूत करने पर भी जोर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को उनकी लिबरल पार्टी की चुनावी जीत पर बधाई दी। साथ ही दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से फोन पर बात की और जल्द ही आमने-सामने मुलाकात करने पर सहमति जताई। मामले में जानकारी देते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि आज प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने अमेरिका और कनाडा के बीच आपसी सहयोग और स्वतंत्रता के आधार पर संबंध मजबूत करने पर भी जोर दिया। हालांकि ट्रंप की टैरिफ नीतियों को लेकर कार्नी पहले ही साफ कर चुके हैं कि ट्रंप के नए ऑटो टैरिफ के बाद अमेरिका और कनाडा के पुराने मजबूत आर्थिक और सुरक्षा संबंध



अब पहले जैसे नहीं रहे। जहां उन्होंने कहा था कि हमारे अमेरिका के साथ पारंपरिक रिश्ते, जो गहरे आर्थिक जुड़ाव और सैन्य सहयोग पर आधारित थे, अब खत्म हो गए हैं।

कनाडा के लिए चुनैतीपूर्ण समय, समझिए कैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति कनाडा के लिए एक चुनौती के तौर पर है। इसका स्पष्ट कारण है कि कनाडा का 70% से ज्यादा निर्यात अमेरिका को जाता है, जिसमें ऑटो पार्ट्स, लकड़ी, कृषि उत्पाद और स्टील शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका की टैरिफ नीति सीधे तौर पर कनाडा की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है।

### पीएम मोदी ने दी थी बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने कनाडाई नेता मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की चुनावी जीत पर बधाई दी थी। पीएम मोदी ने कहा कि वह दोनों देशों के लोगों के लिए अधिक अवसरों के द्वार खोलने के लिए उत्सुक हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा कि कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में निर्वाचन पर मार्क जे कार्नी को बधाई और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मैं हमारी साझेदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक अवसर खोलने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### बढ़ते तनाव के बीच बातचीत अहम

कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से कनाडा की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीतियों और बयानों से कनाडा-अमेरिका के रिश्तों में हाल के दिनों में तनाव भी देखने को मिला है। जहां ट्रंप ने यहां तक कह दिया था कि कनाडा अमेरिका का 51वां राज्य है।

### कार्नी पहले ही साफ कर चुके है रुख

कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफा देने के बाद मार्क कार्नी ने हाल ही में लिबरल पार्टी का नेतृत्व संभाला और ऐसे में समय ये चुनाव चुनाव कनाडा के सबसे अप्रत्याशित और कड़े मुकाबलों में से एक था, जिसमें कई दिग्गज नेताओं के बीच कांटे की टक्कर रही।

# दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति ने की बहुपक्षवाद रोकने की अपील, कहा- यह वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका 2025 की जी-20 बैठक की तैयारी कर रहा है। उपराष्ट्रपति पॉल माशातिले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका अपनी जी-20 अध्यक्षता का उपयोग रोजगार सृजन, लिंग-संवेदनशील नीतियों, अवसरों तक समान पहुंच और वैश्विक वित्तीय प्रणाली में सुधार को प्राथमिकता देने के लिए करेगा।

दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति पॉल माशातिले ने जी-20 देशों से बहुपक्षवाद को रोकने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह वैश्विक विकास और स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है। प्रिटोरिया में थिंक 20 (टी20) अफ्रीका उच्च स्तरीय वार्ता में अफ्रीकी विचार नेताओं की सभा को संबोधित करते हुए माशातिले ने कहा कि बहुपक्षवाद गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, जो वैश्विक गतिशीलता और रिश्तों को नया आकार दे रहे हैं। इसलिए हमें बहुपक्षवाद के कटाव को गंभीरता से लेना चाहिए और इसका विरोध करना चाहिए, क्योंकि यह वैश्विक विकास और स्थिरता के लिए संभावित खतरा पैदा करता है।



वैश्विक व्यवस्था के भीतर जी-20 में अफ्रीकी एजेंसी को मजबूत करना विषय पर हुए संवाद के जरिये दक्षिण अफ्रीका 2025 की जी-20 बैठक की तैयारी कर रहा है। माशातिले ने कहा कि आर्थिक स्थिरता और सतत विकास के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी, न्यायसंगत और समावेशी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने भू-राजनीतिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन, बढ़ते राष्ट्रवाद और व्यापार युद्ध के कारण होने वाली कठिनाइयों के बारे में भी बात की।

उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक विकास धीमा है, कई अर्थव्यवस्थाएं, विशेष रूप से अफ्रीका, अस्थिर ऋण स्तरों के बोझ तले दबी हुई हैं, जबकि अरबों लोग अविकसितता, असमानता, गरीबी और बेरोजगारी से प्रभावित हैं। तमाम चुनौतियां हैं जो हमारी वैश्विक मानवता और राष्ट्रों के बीच एकजुटता की परीक्षा ले रही हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका अपनी जी-20 अध्यक्षता का उपयोग रोजगार सृजन, लिंग-संवेदनशील नीतियों, अवसरों तक समान पहुंच और वैश्विक वित्तीय प्रणाली में सुधार को प्राथमिकता देने के लिए करेगा। इसमें निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग प्रणाली, सुलभ जलवायु वित्तपोषण और निम्न आय वाले देशों के लिए ऋण राहत शामिल है।

# पहलगाम हमले के बाद हार्वर्ड विवि में 'पाकिस्तान सम्मेलन' को लेकर बवाल, छात्रों ने लगाई क्लास

**वाशिंगटन।** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित पाकिस्तान सम्मेलन को लेकर छात्रों ने विरोध जताया है। उनका कहना है कि यह आयोजन पहलगाम हमले के बाद आतंक समर्थक विचारों को वैधता देता है। साथ ही छात्रों ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से आतंक समर्थक अधिकारियों को वीजा न देने की मांग भी की है।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साउथ एशिया इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित 'पाकिस्तान सम्मेलन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। छात्रों ने इस आयोजन की आलोचना करते हुए कहा कि इससे राज्य प्रायोजित आतंकवाद को वैधता मिल सकती है, खासकर उस समय जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में एक दर्दनाक आतंकी हमला हुआ, जिसे छात्रों ने धार्मिक आधार पर किया गया नरसंहार बताया।

दूसरे छात्रों ने भी जताई नाराजगी इसके अलावा एक अन्य छात्रा



रश्मिनी कोपरकर ने भी निराशा जताई। साथ ही कहा कि इस आयोजन में भाग लेने वाले मेहमानों ने पहलगाम हमले की न तो निंदा की और न ही कोई संवेदना दिखाई। उन्होंने कहा कि हम अपेक्षा कर रहे थे कि कार्यक्रम में शामिल अधिकारी संवेदनशीलता दिखाएंगे और हमले की निंदा करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कई मेहमान ऐसे देशों से आए थे जो वर्षों से आतंकवाद को बढ़ावा देते रहे हैं।

विवाद के बाद आया साउथ एशिया इंस्टीट्यूट का जवाब

बढ़ते विवाद के बीच हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साउथ एशिया इंस्टीट्यूट ने एक आधिकारिक बयान जारी कर आयोजन का बचाव किया। संस्थान ने कहा कि 'पाकिस्तान सम्मेलन' छात्रों और उनके फैकल्टी सलाहकार द्वारा स्वतंत्र रूप से आयोजित की गई थी और इसमें किसी दाता से सलाह नहीं ली गई थी। साथ ही बयान में यह भी कहा गया कि हम पहलगाम हमले से प्रभावित भारत के नागरिकों के साथ दुख साझा करते हैं और गहरी संवेदना प्रकट करते हैं।

### यूनिवर्सिटी की छात्रा ने जताई नाराजगी

पाकिस्तान सम्मेलन को लेकर हावर्ड यूनिवर्सिटी की छात्रा सुरभि तोमर ने अपनी नाराजगी जताई। एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह एक धर्म-आधारित लक्षित हत्या थी। ऐसे समय में जब हार्वर्ड ऐसे लोगों को बुलाता है, जिन्होंने वैचारिक रूप से ऐसे हमलों को जायज ठहराया है, तो यह खतरा होता है कि हमारे कैंपस में आतंक समर्थक विचारों को वैधता मिल जाए।

### छात्रों ने अमेरिकी विदेश मंत्री से की अपील

उन्होंने कहा कि यह आयोजन पहले से तय था और यह घटना संयोगवश उसी समय के आसपास हुई, लेकिन फिर भी इस तरह के वक्ताओं को बुलाना उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि छात्रों ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मांग की है कि ऐसे अधिकारियों को वीजा न दिया जाए जो आतंक से जुड़े विचारों का समर्थन करते हों। इसके साथ ही सुरभि ने आगे कहा कि धार्मिक कारणों से हुए हमले के बाद चुप रहना गलत है। हमने 65 देशों के छात्रों से समर्थन पाया। उन्होंने कहा कि हमने पीड़ितों की गवाही पढ़ी और नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए बोलने का फैसला लिया।

# पाकिस्तानी सांसद बोलीं: बाबरी की पहली ईंट पाक सिपाही लगाएगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बिलावल भुट्टो की पार्टी की नेता पलवाशा खान ने संसद में भारत विरोधी बातें कही हैं। भारत-पाक में तनाव के बीच पलवाशा ने कहा कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद बनाएंगे और पिंडी (रावलपिंडी) का एक-एक सिपाही बाबरी मस्जिद की बुनियाद में पहली ईंट रखेगा। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर पहली अजान देंगे।

पलवाशा खान ने कहा कि पाकिस्तान सिर्फ अपनी 7 लाख सैनिकों के भरोसे नहीं है, बल्कि उसके पास 25 करोड़ लोग हैं जो मुश्किल वक्त में फौज के साथ होंगे और सिपाही बनेंगे। यदि भारत ने पाकिस्तान पर कोई हमला करने की कोशिश करता है, तो दिल्ली के लाल किले के मैदान खून से रंगे जाएंगे। पीपीपी की महिला सांसद




ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को यह पता होना चाहिए उनकी सेना का कोई भी सिख सिपाही पाकिस्तान से जंग नहीं करेगा, क्योंकि ये गुरुनानक की धरती है। उन्होंने खालिस्तानी नेता गुरुपतवंत सिंह पन्नू को शुक्रिया कहा जिसने जंग में पाकिस्तान का साथ देने की बात कही थी।

# इस्राइल ने गाजा पर किया जोरदार हमला, 12 लोगों की मौत

**गाजा।** गाजा में इस्राइल ने एक बार फिर जोरदार हमला किया। इस हमले में 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल थे। वहीं दूसरी ओर वेस्ट बैंक में पत्रकार अली समौदी को आतंकवादी संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

इस्राइल और हमास के बीच का संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार को गाजा में इस्राइल ने एक बार फिर जोरदार हमला किया। इस हमले में लगभग 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल है। अल-अक्सा अस्पताल के मुताबिक, हमले नुसेरात शरणार्थी शिविर के तीन घरों पर किए गए। बच्चों में दो सगे भाई थे, जिनके शवों के टुकड़े अस्पताल पहुंचे।

वेस्ट बैंक में पत्रकार अली समौदी



गिरफ्तार इस्राइली सेना ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में छापेमारी कर पत्रकार अली समौदी को गिरफ्तार किया। समौदी पहले उठठ और अल-जजीरा के लिए काम कर चुके हैं। 2022 में वे उस गोलीबारी में घायल हुए थे जिसमें पत्रकार शिरीन अबू अकलेह की मौत हुई थी। इस्राइली सेना ने आरोप लगाया कि समौदी इस्लामिक जिहाद से जुड़े हैं और उन्होंने उसके लिए पैसे भेजे, हालांकि कोई ठोस सबूत नहीं दिया गया।

### लेबनान ने अमेरिका से इस्राइल पर दबाव डालने को कहा

लेबनान के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सैन्य प्रतिनिधिमंडल से इस्राइल पर दबाव डालने की अपील की है ताकि वह अब भी कब्जे में रखे गए लेबनानी कैदियों को रिहा करे और सीमा क्षेत्र से पीछे हटे। इस बैठक में अमेरिका के नए प्रतिनिधि मेजर जनरल माइकल जे. लीनी भी शामिल हुए।

### गाजा पर नहीं थम रहा इस्राइल का हमला

बता दें कि पिछले महीने हमास के साथ युद्धविराम खत्म होने के बाद से इस्राइल गाजा पर रोज हमले कर रहा है। मार्च की शुरूआत से ही गाजा में 20 लाख लोगों को भोजन और दवा जैसी जरूरी चीजों की आपूर्ति रोक दी गई है, ताकि हमास पर बंधकों की रिहाई को लेकर दबाव बनाया जा सके। इस सप्ताह गाजा सिटी और बेइत लाहिया में भी दो दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं बात अबतक की करें तो स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक गाजा में 52,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

# पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास को जमानत, बांग्लादेश की अदालत का फैसला



**ढाका।** देशद्रोह के मामले में गिरफ्तार किए जाने के छह महीने बाद बांग्लादेश की एक उच्च न्यायालय ने बुधवार को इस्कॉन के पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को जमानत दे दी। चिन्मय दास की गिरफ्तारी ने भारत में आक्रोश पैदा कर दिया था। बांग्लादेश की एक अदालत ने आज देशद्रोह के एक मामले में पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास को जमानत दे दी। बांग्लादेश में इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सत्ता परिवर्तन के बाद से वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हुई हिंसा के खिलाफ चिन्मय एक प्रमुख आवाज बनकर उभरे थे। चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद उनके अनुयायी सड़क पर उतर आए थे। भारत ने भी मामले को लेकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए चिंता व्यक्त की थी।

### सनातन जागरण मंच क्या है?

5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश छोड़ दिया था। देश में सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही बड़े पैमाने पर हिंदू घरों और मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। इसके जवाब में यह मंच शुरू किया गया और चिन्मय दास को इसका प्रवक्ता नियुक्त किया गया। बांग्लादेश में फैली अशांति के बीच हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर इस मंच के द्वारा हिंदुओं की आवाज को उठाया जाता है। चिन्मय ने इसी मंच के द्वारा आंदोलन के जरिए सनातन जागरण मंच ने चटगांव और रंगपुर में बड़ी रैलियां आयोजित कीं। रैलियों में चिन्मय ने हिंदू समुदाय के अधिकारों के बारे में बात करते हुए कई भाषण दिए थे।

### चिन्मय पर देशद्रोह का मामला क्यों दर्ज हुआ?

पिछल साल 25 अक्तूबर को चिन्मय और 18 अन्य लोगों पर चटगांव के न्यू मार्केट चौराहे पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर भगवा झंडा फहराने का आरोप लगा। 30 अक्तूबर की रात को कोतवाली थाने में चिन्मय और 18 अन्य लोगों के खिलाफ देशद्रोह के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### कौन हैं चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी?

चंदन कुमार धर, जिन्हें चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के नाम से भी जाना जाता है, सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और चटगांव इस्कॉन के नेता हैं। इस्कॉन चटगांव से पता चला कि 37 साल के चिन्मय कृष्ण चटगांव के सतकानिया उप जिला से हैं। वे अपने धार्मिक भाषणों के लिए जाने जाते हैं। इन्ही भाषणों के कारण उन्होंने कम उम्र में ही धार्मिक उपदेशक के रूप में जाना जाने लगा। इसके चलते उन्हें 'शिशु वक्ता' उपनाम भी मिला। चिन्मय कृष्ण दास 2016 से 2022 तक इस्कॉन के चटगांव मंडल सचिव रहे। वे 2007 से चटगांव के हथजारी में पुंडरीक धाम के प्रधानाचार्य भी रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि चिन्मय को इस्कॉन में उनके पद से निलंबित कर दिया गया था।

# अमेरिका के साथ मिलकर ब्रिटेन ने किया हमला ड्रोन कारखाने को बनाया निशाना, हूती विद्रोहियों की खैर नहीं

**लंदन।** इस्राइल और हमास के बीच युद्ध छिड़ने के बाद लाल सागर में जहाजों पर हूतियों के हमले बढ़ गए थे। इसके बाद से अमेरिका ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले शुरू किए। अब ब्रिटेन ने भी अमेरिका के साथ मिलकर हूतियों के ड्रोन कारखाने को निशाना बनाया। यमन में बैठे हूती विद्रोहियों की अब खैर नहीं है। अमेरिका के बाद अब ब्रिटेन ने भी हूतियों को खत्म करना शुरू कर दिया। ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) ने अमेरिका के साथ मिलकर यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकाने पर हमला किया।

ब्रिटेन और अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने यमन में ड्रोन कारखाने को निशाना बनाया। यहां पर लाल सागर और अदन की खाड़ी में अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमला करने के लिए ड्रोन बनाए जाते थे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 29 अप्रैल 2025 को



ब्रिटेन की सेना ने यमन में हूती सैन्य लक्ष्य के खिलाफ अमेरिकी सेना के साथ एक संयुक्त अभियान में भाग लिया। यह कार्रवाई ब्रिटेन सरकार की लंबे समय से चली आ रही नीति के अनुरूप थी। हूतियों ने नवंबर 2023 में अपने हमले शुरू किए थे। इससे लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता को खतरा था। हूतियों ने अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमला किया और निर्दोष व्यापारी नाविकों की हत्या की थी।

बयान में आगे कहा गया कि खुफिया एजेंसी ने बेहद सावधानी से ऐसी इमारतों की पहचान की जहां पर हूती विद्रोही लाल सागर और अदन की खाड़ी में जहाजों पर हमला करने के लिए ड्रोन बना रहे थे। रॉयल एयर फोर्स टाइफून ने वायेजर टैंकरों से हवाई ईंधन भरने के समर्थन के साथ पेवेवे क्ष सटीक बमों का उपयोग करके कई इमारतों पर पहला हमला किया। इसके बाद अंधेरे में एहतियात के तौर पर एक और हमला किया गया। हमारे सभी विमान बाद में सुरक्षित रूप से वापस आ गए।

एक्स पर एक पोस्ट में यूके रक्षा मंत्रालय ने लिखा कि रात भर रॉयल एयर फोर्स टाइफून ने यमन में हूतियों के हमले किए। ताकि नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा की जा सके, क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत किया जा सके, यूके की आर्थिक सुरक्षा की रक्षा की जा सके और हूतियों की आगे और हमले करने की क्षमता को कम किया जा सके। इससे पहले अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा था कि उसने 15 मार्च से यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ 800 से अधिक हमले किए हैं। हमलों का उद्देश्य नौवहन की स्वतंत्रता को बहाल करना और अमेरिकी प्रतिरोध को मजबूत करना है।

# पाकिस्तान बोला: भारत 36 घंटे में हमला कर सकता है, सूचना मंत्री ने आधी रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर भारत के अगले 24-36 घंटे में हमला करने का दावा किया। पाकिस्तान ने दावा किया है कि भारत उसके खिलाफ अगले 24-36 घंटों में सैन्य कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने बुधवार देर रात को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया। तरार ने कहा कि उन्हें विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है कि भारत पहलगाम घटना के बहाने ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और इस संकट के दर्द को सही मायने में समझता है। हमने दुनिया में हमेशा इसकी निंदा की है।

तरार ने कहा कि अगर भारत कोई सैन्य हमला करता है, तो पाकिस्तान



उसका निश्चित और कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हम हर कीमत पर पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेंगे।

मंत्री बोले- जांच से बच रहा भारत तरार ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम हमले की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक भरोसेमंद, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की खुले तौर पर पेशकश की है, लेकिन भारत जांच से बचना चाहता है और टकराव का रास्ता अपनाना चाहता है।

# गाजियाबाद पधारे नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा का महापौर व नगर आयुक्त ने किया स्वागत

## गाजियाबाद की सड़कों को धूल मुक्त बनाने में निगम अधिकारियों का सराहनीय प्रयास : नगर विकास मंत्री







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर विकास मंत्री एके शर्मा द्वारा गाजियाबाद के कई क्षेत्रों में भ्रमण किया गया जिसमें मोहन नगर जोन से लेकर सिटी जोन होते हुए कवि नगर क्षेत्र में भी भ्रमण किया गया जिसमें कई सामाजिक कार्यक्रमों में भी मंत्रीजी द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज की गई। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंत्री जी का गाजियाबाद आगमन पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नगर विकास मंत्री श्री एके शर्मा के स्वागत का भव्य कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रखा गया जिसमें शहर के सभी जनप्रतिनिधि सांसद, महापौर, विधायक व गण उपस्थित रहे।



### निगम द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार हेतु किये जा रहे कार्यों का मंत्री नगर विकास को नगर आयुक्त ने दिया प्रेजेंटेशन

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के उपरांत पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में ही गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक भी की गई। बैठक में मुख्य रूप से महापौर, नगर आयुक्त सहित सभी निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत चल रहे वायु गुणवत्ता सुधार के कार्यों की प्रेजेंटेशन भी दी गई। साथ ही बायोडायवर्सिटी पार्क, ई-गवर्नेंस, हरित शव दाह गृह, व अन्य निगम के प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मंत्री नगर विकास द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों को शहर को बेहतर बनाने के लिए शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही शहर की सड़कों को धूल मुक्त बनाने के लिए और अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए गए। एके शर्मा मंत्री द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क में अधिक से अधिक औषधि वाले प्लांट को लगाने तथा नक्षत्र वाले पौधों को लगाने के निर्देश नगर आयुक्त व टीम को दिए गए।

### प्लांटेशन में नक्षत्र पौधों का भी हो इस्तेमाल : ए. के.शर्मा

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि नगर विकास मंत्री के गाजियाबाद आगमन पर भव्य तैयारियां गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई जिसमें निर्धारित रूट पर भी विशेष रूप से व्यवस्थाओं को बनाया गया। इसी के साथ मंत्रीजी की अध्यक्षता में गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई जिसमें महापौर की उपस्थिति में शहर के अंतर्गत चल रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सी एम ग्रिड के कार्यों की प्रगति को भी जाना गया जिसको प्रेजेंटेशन के माध्यम से दर्शाया गया। मल्टीलेवल पार्किंग उत्तरांचल पूर्वांचल भवन विजय नगर जोन कार्यालय डॉग केयर सेंटर वे अन्य प्रोजेक्ट के बारे में मंत्री जी को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। आइटीएमएस के बारे में भी मंत्रीजी के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में मंत्री एके शर्मा ने कहा प्लांटेशन में नक्षत्र पौधों का भी इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



### नगर विकास मंत्री द्वारा स्वास्थ्य प्रहरियों को किया गया सम्मानित, स्वास्थ्य विभाग के 29 वाहनों का किया गया उद्घाटन



**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के सफाई मित्रों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मंत्रीजी द्वारा सम्मानित किया गया इसी के साथ गाजियाबाद नगर निगम के 29 वाहनो की शुरूआत हेतु नारियल फोड़ कर तथा हरी झंडी देकर उद्घाटन किया गया। रोड स्वीपिंग मशीन 3, एंटी स्मोक गण 5, बैकहो लोडर 8, वील्ड स्किड लोडर 13 को हरी झंडी देकर जनहित में शुरू किया गया।

नगर विकास मंत्री के गाजियाबाद आगमन पर भव्य स्वागत कई स्थानों पर हुआ। कार्यक्रम के अंत में मंत्रीजी द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की सरहाना की गई तथा गाजियाबाद महत्वपूर्ण शहर है जिसमें और अधिक बेहतर करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने के लिए उपस्थित जनों को मोटिवेट किया गया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा निगम अधिकारियों के साथ सभी व्यवस्थाओं को बनाए रखने में विशेष कार्य किया गया।

## मंदिर कमेटी ने संजीव कुमार गुप्ता को माता रानी की मूर्ति देकर किया सम्मानित

### समरकूल ग्रुप के चेयरमैन डासना देवी मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा में रहे उपस्थित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डासना के प्रसिद्ध देवी मंदिर में पांच दिनों से चले आ रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान शिव माता पार्वती सहित समस्त परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता सम्मिलित रहे। संजीव कुमार गुप्ता ने देवी मंदिर के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद का अंगवस्त्र से स्वागत किया तथा कार्यक्रम के पश्चात संजीव गुप्ता को मंदिर कमेटी की ओर से माता रानी की मूर्ति भेंट करते हुए सम्मानित किया गया।

### आभार



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खबरों से अगर इंसाफ मिलता है तो फिर उससे प्रभावित होने वाले किरदार भी खुश होते हैं। हाल ही में भाजपा मंत्री धीरज शर्मा पर पुलिस की बर्बरता को लेकर काफी बवाल हुआ था, जिसके बाद भाजपा वालों के मोर्चा खोलने पर आरोपी दरोगा और सिपाहियों पर सस्पेंशन और मुकदमा दर्ज होने की कार्रवाई हुई। दैनिक करंट क्राइम में धीरज शर्मा के साथ हुए इस घटनाक्रम को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका आभार प्रकट करने के लिए वो अपने साथी अनुज राघव के साथ दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचे।

## बाबा साहेब के अपमान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से जवाब मांगे दलित समाज : भाजपा

### बाबा साहेब के विचारों को कमजोर करने की साजिश है : सांसद अतुल गर्ग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में बुधवार को भाजपा ने नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाजवादी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान करने के विरोध में प्रदर्शन किया। उनका मानना है डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे महामानव की तस्वीर से छेड़छाड़ कर उसमें अपनी तस्वीर जोड़ना समाजवादी पार्टी और उसके प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा किया गया अत्यंत निंदनीय और दुर्भावनापूर्ण कृत्य है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा, यह प्रयास बाबा साहेब के विचारों को कमजोर करने और उन्हें एक राजनीतिक औजार बनाने की साजिश है। भाजपा दलित समाज के साथ खड़ी है और इस प्रकार की हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब देगी। विधायक संजीव शर्मा ने कहा: डॉ. अंबेडकर की तुलना कोई नहीं कर सकता। उनके साथ की गई कोई भी छेड़छाड़ संविधान और सामाजिक न्याय के मूल्यों के खिलाफ है। महानगर भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, अखिलेश यादव का यह कृत्य दलित समाज के साथ धोखा है। इस मौके पर विधायक अजीत पाल त्यागी, अनुसूचित समाज के राष्ट्रीय नेता अशोक संत, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अमित कल्याणी, भाजपा महामंत्री सुशील गौतम, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, पार्षद राजीव शर्मा ने भी अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने अंत में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि पंचतीर्थों के निर्माण और भीम ऐप जैसी पहलों के जरिए दी है। यही सच्चा सम्मान है, न कि राजनीतिक छवि चमकाने के लिए किया गया छद्म प्रयास।

### परशुराम जयंती



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बुधवार को गाजियाबाद में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर कई सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश खादी वालों के प्रतिष्ठान पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस आयोजन में व्यापारी एवं भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया भी अपने साथियों के साथ शामिल हुए।

## भाजपा का रहा है हमेशा से दोहरा चरित्र

### जनता रहे दोहरे चरित्र वाली भाजपा से सावधान: अभिषेक गर्ग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग ने एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने अतीत के पन्नों से बताया कि जिन बातों का भाजपा विरोध करती थी, अब उन्हीं बातों को समर्थन कर रही है।

यह भाजपा का दोहरा चरित्र है। अभिषेक गर्ग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता इन दिनों एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान चला रहे हैं। जगह-जगह जाकर लोगों को बता रहे हैं कि वर्ष 1952 से 1967 के बीच भी पूरे राष्ट्र में यही प्रक्रिया चलती थी। मैं ये कहना चाहता हूं कि भाजपा का हमेशा से दोहरा चरित्र रहा है, उसकी कथनी और करनी में अंतर रहा है। ये वही भाजपा है जो पूर्व में ये आरोप लगाती रही कि कांग्रेस की सरकार ने 70 सालों में किया ही क्या है और आज भाजपा उसी कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में 1952 से 1967 के कार्यकाल का हवाला देते हुए एक राष्ट्र-एक चुनाव का एजेंडा लागू करना चाहती है। अभिषेक गर्ग ने कहा कि भाजपा एक बार फिर अपना राजनीतिक फायदा देखती है। यह भाजपा का दोहरा चरित्र है। उन्होंने कहा कि ये वही आरएसएस है जब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखा तो इसी आरएसएस ने 1949 में डॉ. बीआर अंबेडकर की आलोचना की। हिंदू पर्सन बोर्ड का विरोध किया था। आज वही आरएसएस बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को इतना याद कर रही है कि जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर रही है। अभिषेक गर्ग ने फिर दोहराया कि भाजपा का शुरू से दोहरा चरित्र रहा है और देश की जनता इन दोहरे चरित्र वाले नेताओं से सावधान रहे।

### चिन्टू जी





Jeetu Sharmma Socialist
5h

जिस व्यक्ति के पास खुद की कमेटी का सिंगल एक आदमी नहीं जो साथ चल सके कहीं साथ खड़ा हो सके, अब अकेले खड़े हैं, इसमें किसका दोष है ? और ये लोग औरों पर आखिर कैसे उंगली उठा सकते हैं ? साज़िश करेंगे, मेहनती कार्यकर्ता से ईर्ष्या रखेंगे, अगर काम करने और कार्यक्रम करने की बात है तो मैं दोनों अध्यक्षों से शर्त लगा सकता हूँ अपने कार्यक्रम गिनाये इन्होंने अपनी कमेटी के दम पर कितने कार्यक्रम किये हैं और फिर मैं बताता हूँ मैंने कितने किये तब तो साफ हो जायेगा कौन पार्टी के लिए कितना काम कर रहा है, यूथ फ्रंटल के अध्यक्षों के बिना कभी इन्होंने एक कार्यक्रम तक न किया होगा, कोई कार्यक्रम करे कार्यक्रम हिट हो जाये तो उसका श्रेय इन्हें चाहिए, अगर किसी भी कार्यक्रम में कोई नेता कार्यकर्ता जेल चला जाये तो हाथ खड़े कर देंगे, उसकी सौ चुगली और बुराई करेंगे, उसके लोगों को उसके खिलाफ करेंगे, उसके बाद भी ऐसा शर्मनाक बयान देना की यूथ फ्रंटल के अध्यक्ष लखनऊ में नेताओं की परिक्रमा लगाते हैं, लिखने को बहुत कुछ हैं मेरे पास लेकिन मेरी बातें तीर की तरह चुभेंगी इसलिए नहीं लिख रहा हूँ बस,

@highlight

क्यों कहना पड़ा सपा के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष को

हमारे फ्रंटल के अध्यक्ष तो रहते हैं लखनऊ में एक्टिव

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे अम्बेडकर जी वाले पार्क में मौजूद? हमने देखा वहां पर घिस दिया मिस्टर रंजन ने कुछ अलग ही मंजन? सुना है एक संगठन के दावेदार के कान पर बिना पूछे ही लगा दिया फोन? हमने देखा जैसे ही लगा फोन वैसे ही बदल गई दावेदार की टोन? उन्होंने मिस्टर रंजन को कर दिया स्पष्ट? अचानक यूं फोन मत लगाया करो, इससे होता है हमको कष्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अम्बेडकर पार्क पर हो रहा था सपा वालों के विरोध में प्रोग्राम? गर्मी बहुत ज्यादा थी, हमने देखा यहां पर किसी बात पर मैम्बर शर्मा का पारा छू गया आसमान? हम देख रहे थे मौके पर एक वैश्य चेहरे की गतिविधियां नहीं हो रही थी उनको बर्दाश्त? बस उनको देखते ही उगलने लगे वो शब्दों वाली आग? हमने देखा वैश्य चेहरा भी यहां पर मिला रहा था पूरी तान से तान? कहने वाले ने कहा अगर थामने वाले नहीं थामते इस गर्मी को? तो फिर कुछ देर बाद होने वाला था गुत्तमगुत्था का प्रोग्राम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ए के जी के लिए आरडी जी ने आखिर कर ही दिया प्रोग्राम? कार्यक्रम सफल भी रहा, कामयाब हुआ उनका प्लान? सुना है इस प्रोग्राम को सफल बनाने में केडी जी ने भी दिया पूरा सहयोग? देखना अब ये है कि भीड़ जुटाने वाले इन दो चेहरों का क्या महानगर की टीम में भी बैठेगा कोई योग? क्या भगवा योद्धा इन दो चेहरों पर देंगे कोई ध्यान? या फिर एक चेहरे पर एप्लाई होगा हस्तिनापुर से बंधे होने का प्लान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे अम्बेडकर पार्क में मौजूद? वहां से एक आवाज निकल कर हमारे कानों तक आई? कहने वाले ने ये शब्द विधायक के कानों में डाले? फिर विधायक जी ने इन शब्दों को किया एप्लाई? उन्होंने कहा अभी हमें पार्टी का और साथ निभाना है? यहां से अब सीधे सभी कार्यकताओं को दीनदयाल ऑडिटोरियम में जाना है? कहने वाले ने कहा आप इन शब्दों के अभी नहीं भविष्य में महसूस करोगे इफैक्ट? करने वालों ने भले ही मौके पर ना किया हो लेकिन आने वाले समय में जरूर देगा आपको उनका रिएक्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम इसलिए हैं विधायक अजीत पाल त्यागी जी के मुरीद? वो कुछ ही पलों में दर्ज करा देते हैं अपनी उपस्थिति की तस्दीक? हमने देखा मंत्री जी के स्वागत का अचानक बना था प्रोग्राम? यहां पर विधायक जी ने कुछ ही समय में कर लिया अच्छी खासी भीड़ का इंतेजाम? सैंकड़ों कार्यकताओं को साथ लेकर उन्होंने मंत्री जी का स्वागत करा दिया जोरदार? कहने वाले ने कहा इसलिए जनप्रतिनिधियों में भाता है हमको उनका किरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात हुई है अंदर से जारी? शुरू हो चुकी है अंदरखाने सेलीब्रेशन की तैयारी? देखना अब ये है कि इस बार सेलीब्रेशन होगा कितना भारी? जिन जिन चेहरों को करनी है सेलीब्रेशन की व्यवस्था? उनको संदेश हो चुका है जारी? सुना है इस बार दावत का मेन्यू भी बना है कुछ भारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गाजियाबाद में एमएलसी चुनाव के सपने देखने वाले ज्यादा उम्मीदें ना पलें? सुना है गर्ग साहब ने अपने अरमान अपनी ही बिरादरी के नेता के कर दिये है हवाले? उन्होंने कर दिया है नेता जी को आश्वस्त? हम रहेंगे आपके साथ, ये नहीं है हमको कहने में कोई कष्ट? सुना है हाल ही में हुई थी इन वेश्य चेहरो की गर्ग साहब से मुलाकात? कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे हम आपको बताते रहेंगे साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें हो गई है मंत्री जी की दावत की आदत? हम देख रहे हें बहुत दिनों से नहीं किया है उन्होंने अब कोई नई दावत का जिक्र? हम चाहते हैं कि वो अपने क्षेत्र में पंजाबी समाज की भी बड़ी दावत करें? आखिर समाज भी तो उनको वोट करता है उनका फिक्र? हमें है इस बात का विश्वास? जैसे ही मंत्री जी आपका सवाल पड़ेंगे वैसे ही तैयारियों शुरू हो जायेंगी साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब थे हम धीरज भैया के लिए थाने में मौजूद? तब नागर जी और चौपडा जी को तलाश रही थी हमारी निगाहें? सवाल यही हो रहे थे इतने क्रिटिकल मौके पर दोनों नजर क्यों नहीं आये? फिर बताने वाले ने बताई दोनों के पक्ष में बात? कहा जिस टाईम पर हो रही थी ये घटना, उस दिन वो गाजियाबाद में नहीं थे साहब? घटना की जानकारी मिलते ही वो पहुंचे थे अस्पताल? इस बारे में सुशील भैया सब कुछ बता देंगे एक बार कर लेना उनसे सवाल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अम्बेडकर पार्क में जब छू रहा था मैम्बर शर्मा जी का गुस्सा आसमान? तब यहां पर ओबीसी चेहरे का उनकी नई शर्ट और लड़ाई वाले दूसरे शख्स की नई पेंट पर था ध्यान? वो कर रहे थे किसी से बात? कह रहे थे ये लड़ाई इससे ज्यादा आगे ना बढ़े? हमें तो दोनों के नए कपड़ों की चिंता सता रही है बेहिसाब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Namita Bhalla
2m

आदरणीय वंदना दीदी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं हमेशा स्वस्थ रहिए व्यस्त रहिए खुश रहिए ईश्वर आपको लंबी आयु दे हमारी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ हैं हैप्पी बर्थडे दीदी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये अपना परिवार है ये प्यार है जो शब्दों में ढल कर बाहर आता है। प्रखर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नमिता भल्ला ने अपनी दीदी वंदना के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। अपनो के साथ अपनापन का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।